ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 25 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-158 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

रोमांटिक फिल्म 'इश्क' का ट्रेलर रिलीज पेज 12 पर



## वासंतिक नवरात्र

### चतुर्थ : कूष्माण्डा



**नवरात्र**-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देनेवाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है।

सुरासंपूर्णकलशं
रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा
शुभदास्तु मे ॥

जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होनेवाली हैं।

## रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 25 मार्च को संध्या 6:07 और सेहरी का समय 26 मार्च को सुबह 4:38 मिनट में होगा।

# करमटोली में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### राज्य की उन्नति व सुख शांति की कामना की

### लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग मल्टी स्टोरी हॉस्टल बनेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हर तरफ हर्ष, उत्साह और जश्न का माहौल। मांदर-नगाड़े की थाप और थिरकते कदम। सरना स्थलों में पूरे विधि-विधान से प्रकृति की पूजा-अर्चना। दरअसल, सदियों से चली आ रही यह परंपरा बताती है कि प्रकृति पर्व सरहुल का आदिवासी समाज में कितनी अहमियत है। सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह







प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी छात्रावास, करमटोली में सरहुल महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सरना स्थल में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत मांदर बजाकर लोगों के साथ खुशियां बांटी।

**आदिवासी छात्रावास का होगा कायाकल्प :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छात्रावासों को सुसज्जित और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का सरकार ने निर्णय लिया है। छात्रावासों के जीर्णोद्धार का कार्य भी शुरू हो चुका है। इस कड़ी में आदिवासी छात्रावास को भी नया आयाम देने की कार्य योजना बन चुकी है। यहां बच्चे और बच्चियों के लिए अलग-अलग मल्टी स्टोरी छात्रावास बनेगा, जहां पढ़ाई करने वाले 500 लड़के और 500 लड़कियों के रहने की मुकम्मल व्यवस्था होगी। उन्होंने रांची वीमेंस कॉलेज के साइंस और आर्ट्स ब्लॉक के जीर्णोद्धार करने की घोषणा की।

**सरना और मसना स्थलों को किया जा रहा संरक्षित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना और मसना स्थल आदिवासियों की आस्था से जुड़ा है। इसे संरक्षित रखने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि सामाजिक धरोहरों को अक्षुण्ण रखने में समाज को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार के प्रयास और आपके योगदान से हम अपने सामाजिक-धार्मिक धरोहर को अलग पहचान दे सकते हैं।

# राहुल गांधी को झटका, सदस्यता खत्म

### मानहानि मामले में दो साल की सजा के बाद बड़ा फैसला

### लोकसभा सचिवालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। शुक्रवार को लोकसभा सचिवालय ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। गुरुवार (23 मार्च) को सूरत की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि के एक मामले में उनको दोषी ठहराते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई थी और 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। हालांकि, मामले की सुनवाई के दौरान ही कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी। राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद थे। सूरत कोर्ट के फैसले के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता पर तलवार लटक रही थी। दरअसल, जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल से ज्यादा की सजा हुई हो तो ऐसे में उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाएगी। इतना ही नहीं सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी होते हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने 'मोदी सरनेम' वाले बयान को लेकर दायर मानहानि के मामले में दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई। राहुल गांधी ने कर्नाटक में 2019 लोकसभा चुनाव से पहले ये बयान दिया था। कोर्ट ने राहुल को 15 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया। इस दौरान राहुल गांधी ऊपरी अदालत में सजा को चुनौती दे सकते हैं। कोर्ट ने अपने 170 पेज के फैसले में कहा है कि आरोपी खुद सांसद (संसद सदस्य) हैं और सुप्रीम कोर्ट के सलाह के बाद भी आचरण में कोई बदलाव नहीं आया।

**राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में 13 अप्रैल 2019 को चुनावी रैली में कहा था :** नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम कॉमन क्यों है? शेष पृष्ठ 11 पर



### प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी से पूछा, 'आपको क्यों नहीं संसद से डिसक्वालिफाई किया गया'



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर पीएम मोदी की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि आपको क्यों नहीं संसद से डिस्क्वालिफाई नहीं किया गया। कांग्रेस महासचिव प्रियांका गांधी ने ट्वीट कर कहाः पीएम मोदी आपके चमचों ने एक शहीद प्रधानमंत्री के बेटे को देशद्रोही, मीर जाफर कहा। आपके एक मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी का पिता शेष पृष्ठ 11 पर

### यह भाजपा के लिए अमृत काल और देश के लिए आपातकाल : हेमंत



राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म किए जाने पर झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना से साफ जाहिर हो गया है कि सत्तारूढ़ केंद्र सरकार अब राजनीतिक मतभेद में किस तरह प्रतिशोध पर उतर आई है। भारतीय जनता पार्टी आज के वक्त को एक तरफ अमृतकाल कहती है, तो दूसरी तरफ वह विपक्ष शेष पृष्ठ 11 पर

### डरी हुई सरकार की हरकत : केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने को 'डरी हुई सरकार का कृत्य' करार दिया। उन्होंने मीडिया से कहाः जिस तरह से राहुल गांधी को फंसाया गया और उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है..हम अदालत का सम्मान करते हैं, लेकिन यह एक कायरतापूर्ण कार्य है और डरी हुई सरकार का काम है। केजरीवाल ने देश की जनता से लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोकतंत्र पर हमला हो रहा है, हम सबको साथ आना होगा। उन्होंने कहाः यह राहुल गांधी या कांग्रेस की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाह और कम पढ़े-लिखे व्यक्ति से बचाने की लड़ाई है।

### दीपक प्रकाश ने लोकसभा स्पीकर के फैसले का किया स्वागत



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने संबंधी लोकसभा स्पीकर के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश में कानून सबके लिए बराबर है। चाहे राजा हो या रंक, जो जैसा करेगा वैसा भुगतेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अमर्यादित भाषा बोलने, अमर्यादित टिप्पणी करने के अभ्यस्त हो चुके हैं। उन्होंने खुद को भारत के संविधान, लोकतांत्रिक व्यवस्था, मर्यादाओं और परंपराओं से अपने को ऊपर मान लिया है। दीपक ने कहा कि मोदी सरनेम वाले लोगों को इन्होंने खुले तौर पर चोर बताया था। इसके खिलाफ गुजरात से भाजपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

### राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द करना लोकतंत्र की हत्या : राजेश ठाकुर



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किये जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी सरकारी तंत्र दबाव में हैं। यह तानाशाही के अंत की शुरुआत है। यह फैसला अचम्भित करने वाला और निंदनीय है। ठाकुर ने कहा कि हिन्दुस्तान की संसदीय राजनीति में ऐसी जल्दबाजी पहले कभी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जितना आनन-फानन में राहुल की सदस्यता पर फैसला लिया गया, जेपीसी का गठन क्यों नहीं किया गया। जनता का पैसा प्रधानमंत्री के मित्र लूट रहे हैं।

### राजनीतिक और कानूनी लड़ाई रखेंगे जारी : सुबोधकांत सहाय



पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि राहुल गांधी इस देश और देश की जनता के लिए लगातार सड़क से संसद तक लड़ रहे हैं। लोकतंत्र को बचाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। हर षड्यंत्र के बावजूद वह यह लड़ाई हर कीमत पर जारी रखेंगे और इस मामले में न्यायसंगत कार्यवाही करेंगे। इस मामले में हम राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर लड़ाई जारी रखेंगे। राहुल गांधी की सजा पर विरोध जताते हुए झारखंड कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को रांची में विरोध मार्च भी निकाला। इसमें कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल रहे।

### राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर भड़के राजद व जदयू



**पटना।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में अदालत द्वारा सजा दिए जाने और उसके तुरंत बाद लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद बिहार में कांग्रेस, राजद और जदयू भड़क गई है। सभी ने इसे विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास और लोकतंत्र की हत्या बताया है। राजद के वरिष्ठ नेता और सांसद मनोज झा ने कहा कि ऐसा करना शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में इससे बड़ा काला धब्बा कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय लोकतंत्र मृत घोषित हुआ। इधर, जदयू के प्रवक्ता शेष पृष्ठ 11 पर

## तीन बच्चे की मां निकली प्रेमी की हत्या करने का आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया भलवही मोड़ पर मिली शव का सतबरवा पुलिस ने 20 दिन के अंदर में हत्यारा को खोज निकाला। ज्ञात हो कि मनिका प्रखंड के दुंदु गांव निवासी अशोक राम 34 वर्ष का शव बकोरिया प्रेमी महुआ के पास मिला था। जिसका अनुसंधान सतबरवा पुलिस ने करते हुए हत्यारा सुनील यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि अशोक राम की हत्या चंपा देवी नाम की महिला के त्रिकोणीय प्रेम संबंध में किया गया है। चंपा शेष पृष्ठ 11 पर

## बेतला नेशनल पार्क की होगी घेराबंदी

### पानी की तलाश में नहीं भटकेंगे हिरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में गर्मी के दौरान हिरण के भटकाव को रोकना पीटीआर प्रबंधक के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। एशिया प्रसिद्ध पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के हिरण गर्मी के दौरान भटक कर दूसरे इलाकों में चले जाते हैं और



ग्रामीणों का शिकार बन जाते हैं। हिरण के भटकाव को रोकने के लिए पलामू टाइगर रिजर्व ने एक योजना तैयार की है। इस योजना के तहत बेतला नेशनल पार्क के वैसे इलाके जहां शेष पृष्ठ 11 पर

## राहुल की सांसदी जाते ही ईसी का मंथन शुरू

### अप्रैल में हो सकता है वायनाड में लोकसभा उपचुनाव का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होते ही अब केरल में खाली हुई वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर मंथन शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक वायनाड लोकसभा क्षेत्र में उपचुनाव का कार्यक्रम अप्रैल में घोषित हो सकता है। चुनाव आयोग ने वायनाड में उपचुनाव को लेकर चर्चा शुरू कर दी है। बता दें कि सूरत कोर्ट से आपराधिक मानहानि के मामले में दो साल कैद की सजा सुनाए जाने के साथ ही राहुल गांधी सांसदी से अयोग्य हो गए हैं। राहुल गांधी की सांसदी जाने की अधिसूचना लोकसभा स्पीकर जारी कर चुके हैं। हालांकि, कोर्ट ने सजा सुनाने के साथ ही शेष पृष्ठ 11 पर

### गडकरी ने नेशनल हाइवे चौड़ीकरण की रखी आधारशिला

## प्रभावित ग्रामीण कर रहे हैं आंदोलन, रैयतों ने ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को झारखंड में करोड़ों रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी है। इन योजनाओं में पलामू में नेशनल हाइवे 39 जो पहले नेशनल हाइवे 75 के नाम से जाना जाता था। केन्द्रीय मंत्री ने इस हाइवे के चौड़ीकरण की भी आधारशिला रखी है। करीब 4200 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ी करण किया जाना है। एक तरफ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसके चौड़ीकरण की आधारशिला रखी, वहीं दूसरी तरफ इससे प्रभावित लोग आंदोलन पर उतर गए हैं। रैयत नेशनल हाइवे के चौड़ीकरण के मुआवजे को लेकर असंतुष्ट हैं। उनका आरोप है कि मुआवजा मापदंड के अनुसार नहीं दिया जा रहा है। पलामू के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अभिमन्यु कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा शेष पृष्ठ 11 पर

### रैयतों ने परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

एन एच 39 के भोगू शंखा तक हो रहे सड़क निर्माण में अधिग्रहित की जा रही भूमि बिना मुआवजा तय किए गजट प्रकाशन के बाद बनी भोगु से शंखा एनएच 39 अधिग्रहित भूमि रैयत संघर्ष समिति के द्वारा केन्द्रीय परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी से मिलकर 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से एक रेट में मुआवजा देने, बंदोबस्त जमीन का भी रैयती के हिसाब से मुआवजा देने, आवासीय भूमि का आवासीय के बराबर एक दर से शेष पृष्ठ 11 पर

## फैसला : जिस अध्यादेश को फाड़ा था, वह लागू हो गया होता तो

# मोदी सरनेम केस फैसले से नहीं फंसते राहुल

### सूरत कोर्ट के फैसले के बाद खत्म हुई सदस्यता

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने जुलाई 2013 के अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि अगर किसी जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य) को किसी मामले में कम से कम 2 साल की सजा होती है, तो उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से खत्म हो जाएगी। इस फैसले के बाद केंद्र की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को पलटने के लिए उसी साल अध्यादेश लाने की कोशिश की थी, लेकिन तब राहुल गांधी ने उसे बकवास बताते हुए उसकी प्रति फाड़कर फेंक दी थी। मालूम हो कि लगभग 10 साल पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अपने उस ऐतिहासिक फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(4) को निरस्त कर दिया था। उससे पहले तक आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जा चुके जनप्रतिनिधियों की सदस्यता तुरंत नहीं जाती थी। उन्हें सजा के ऐलान के बाद तीन महीने के भीतर उसे चुनौती देते हुए, ऊपरी अदालत में जाना होता था। ऊपरी अदालत में जब तक उसकी अपील लंबित होती थी, तब तक उसकी सदस्यता नहीं जा सकती थी। इतना ही नहीं, अपील पर अंतिम फैसला आने तक उसकी सदस्यता खत्म नहीं हो सकती थी। यदि हाईकोर्ट ने भी सजा पर मुहर



लगा दी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने पर सदस्यता बच जाती थी। यदि सुप्रीम कोर्ट ने भी सजा बरकरार रखा तो रिव्यू पिटिशन लंबित होने तक उसकी सदस्यता बची रहती थी। दोषी प्रतिनिधि की सदस्यता तभी जाती थी जब उसके पास कोई कानूनी चारा नहीं बचता था यानि अपील पर भी अंतिम फैसला आ जाए और उसमें भी सजा बरकरार रहे। एक तो वर्षों ऊपरी अदालत में मामला रहता था और ऐसे मामलों में जब तक सर्वोच्च न्यायालय से रिव्यू पर फैसला आता तब तक संबंधित जनप्रतिनिधि का कार्यकाल निश्चित तौर पर खत्म हो जाता। 10 जुलाई 2013 के अपने ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को असंवैधानिक ठहराते हुए कहा कि शेष पृष्ठ 11 पर

### लिली थॉमस केस और सुप्रीम कोर्ट का फैसला

वकील लिली थॉमस और एनजीओ लोक प्रहरी के सचिव लखनऊ के वकील सत्य नारायण शुक्ला ने सर्वोच्च न्यायालय में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को चुनौती दी थी। ये धारा सजायाफ्ता नेताओं को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराए जाने, निर्वाचित सदस्यों की सदस्यता जाने से इस आधार पर बचाता था कि सजा के खिलाफ उनकी अपील ऊपरी अदालतों में लंबित है। इस केस को लिली थॉमस केस के नाम से जाना जाता है। 10 जुलाई 2013 को सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस ए. के. पटनायक और जस्टिस एस. जे. मुखोपाध्याय शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**उटांरी रोड।** रामनवमी को लेकर थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी पर्व के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाली जानी चाहिए।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द वातावरण में संपन्न करें । थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने समितियों को डीजे साउंड नहीं बजाने पर रोक लगाई कहा कि डीजे नहीं बजाना है। अगर कोई डीजे साउंड बजाते हुए पकड़ा जायेगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। मौके पर एएसआई राजकुमार शर्मा, चंडी प्रकाश, रमेशचंद्र महतो, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामसेवक राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, समाजसेवी कृष्णा पाल, मुरमाखुर्द मुखिया रामबचन राम ,ओमप्रकाश गुप्ता, रामपरिखा मेहता, अगस्त तिवारी, सतेश्व मेहता, अरबिंद मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## दहेज प्रथा पर विचार गोष्ठी आयोजित

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एके सिंह कॉलेज जपला इकाई के द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह , देवरी कला पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन कर तीसरे दिन शुक्रवार को दहेज प्रथा उन्मूलन विषय पर विचार गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, और रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ,ग्राम निवासी राजेंद्र प्रसाद मेहता व सरजू प्रसाद मेहता के द्वारा किया गया। यह शिविर भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार किया जा रहा है। सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल होकर इस कार्यक्रम से प्रेरणा लिया और सराहना। मौके पर नैंसी कुमारी, दिव्या कुमारी ,आलोक कुमार विश्वकर्मा, शक्ति ठाकुर, शीतल कुमारी, किरण कुमारी, सुप्रिया कुमारी ,शुभम कुमार, नीरज कुमार, शुभम, प्रकाश, रिया कुमारीी, छोटी कुमारी, अंजली कुमारी, खुशी विश्वकर्मा, अमरेश, प्रेमशंकर, अतुल कुमार सिंह, अनिकेत ओझा, विकी कुमार, चंचल, बिंटेस कुमाार, रिंकी कुमारी, रोशनी कुमारी, अस्मिता कुमारी, अमृता कुमारी सहित अनेकों स्वयंसेवक व विद्यार्थियों ने उक्त सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## इस्लाम धर्म लंबियो ने किया चांद का दीदार

**विश्रामपुर।** बीती रात गुरुवार को बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत डीहरिया में इस्लाम धर्मलंबियो ने चांद का दीदार किया। वहीं चांद देखने के बाद आज से सभी मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबियों द्वारा रोजा रखा जाएगा। जिसमें लोग दिन भर खाली पेट रहकर शाम में ईफतारी करेंगे। लोग रोजा में रहते हुए पूरे महीने कुरान कि इबादत करते हुए,अपने इष्ट से देश व राष्ट्र सलामती की दुआ करेंगे।

# वाराणसी पैसेंजर ट्रेन बंद होने से यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के बीडी सेक्सन में कोविड काल से अब तक बरकाकाना - वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन नियमित नहीं होने से आम यात्रियों के अलावे वर्तमान में श्रद्धालुओं को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व सचिव पवन कुमार ने बताया कि इस संबंध में केन्द्र सरकार, रेल प्रशासन व क्षेत्रीय सांसद को गंभीरता से लेने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रसिद्ध देवी मंदिर हैदरनगर में पारंपरिक रुप में चैती नवरात्र मेला भी शुरू है। जिसमें क्षेत्र सहित झारखंड व सीमावर्ती राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं का आगम व प्रस्थान होता है। इनकी भीड़ से मंदिर परिसर भी खचाखच भरी पड़ी है। उन्होंने इस संबध में रेलमंत्री को पत्राचार कर इस ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य जबकि पुनः इसे वाराणासी में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर परिचालन स्थगन 28 अप्रैल तक विस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन का यह निर्णय जनविरोधी है। इस ट्रेन का लाभ झारखंड के लातेहार, पलामू व गढ़वा के अलावे बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को अपने पूर्वजों के अस्थि विर्सजन वाराणासी स्थित मां गंगा नदी के तट पर आने जाने का एकमात्र ही पैसेंजर ट्रेन है।

# विहिप व बजरंग दल के सक्रियता से पशु तस्करी नकाम

### 30 पशु को छुड़ाया, तस्कर फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र में गौ तस्करी आम हो गया है। आये दिन यहां से बड़े पैमाने पर पशु तस्करी की जाती रही है। पशुओं के तस्करी के लिए तस्कर अलग-अलग तरह के पैतरे अजमा रहें हैं। अब ये गाड़ी में नहीं बल्कि हांक कर पशुओं को झारखंड के सीमा पार कर बिहार पहुंचा रहे हैं, ताकि किसी को शक न हो। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद सख्त हुई तो तस्करों ने तरीका बदल लिया। कई युवा पैसों के लालच में पशुओं को पैदल झारखंड से बिहार पहुंचाते है। जहां से मवेशियों को गाड़ी पर लाद कर बंगाल भेजा जाता है। शुक्रवार की सुबह बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता सक्रिय दिखें। इन्हें सूचना मिली कि बड़े पैमाने पर पशुओं को ग्रामीण इलाकों के नहर मार्ग से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे बहेरा गांव के समीप नहर पर पहुंच गये। कार्यकर्ताओं को आता देख तस्कर पशुओं को छोड़ वहां से भाग निकले। विहिप के कार्यकर्ताओं ने तत्काल हैदरनगर पुलिस को सूचना दी। कार्यकर्ताओं ने 30 पशुओं को पुलिस के हवाले कर दिया। गौ रक्षकों ने कहा कि आये दिन हैदरनगर से गौ तस्करी जारी है। गौ तस्करों में प्रशासन का कोई भय नहीं है। आखिर पुलिस गौ तस्करी रोकने में क्यों नाकाम है। पुलिस पशु तस्करों पर रोकथाम करें, नही तो लोगों का आक्रोश कभी भी फुट सकता है।



# रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा

## मांगी देश में खुशहाली व तरक्की की दुआ



### रमजान हर परिस्थिति में सब्र करने का सबक सीखता है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रमजान के पहले दिन जुम्मे की नमाज शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में अदा की गयी। शहर के जामा मस्जिद, इमामन मस्जिद, इस्लामगंज, नूरी मस्जिद, जपला चौबे, रमजान बीघा मस्जिद, मोहम्दाबाद, मिर्जापुर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के ऊपरी कला, बहोरन बीघा, सूबेदार बीघा, ककोरिया, लोटनिया, दंगवार, बुधुआ, देवरी कला, सुखन बीघा समेत दर्जनों मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस दौरान सभी नमाजियों और रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद क्षेत्र व देश की खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के पूर्व मस्जिदों के इमाम ने नमाजियों से मुखातिब होते हुए रमजान और रोजे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रमजान हर परिस्थिति में सब्र करने का सबक सीखता है। रोजे की हालत में रोजेदार गरीबों की भूख प्यास का एहसास कराता है। इस्लाम में गरीबों का हरसंभव ध्यान रखने और उसका अधिकार देने के लिए हर व्यक्ति पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। रमजान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में फल, खजूर, बाकरखानी,इत्र, टोपी की दुकान सज धज कर तैयार है।

# प्रकृति से जुड़ा पर्व है सरहुल : महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बिरसानगर के सरना समाज द्वारा आयोजित सरहुल पूजा के मौके पर मुख्य अतिथि महापौर अरुणा शंकर ने शामिल होकर सभी का आशीर्वाद लिया । उन्होंने ने कहा कि सरहुल प्रकृति जुड़ा पर्व है। यह पर्व नववर्ष का आगाज करता है । उन्होंने कहा कि सरहुल में कांडा सरना ,सरहुल सरना और देवी मां की पूजा की जाती है । बैगा, पहन और पुजारी इसे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना करते हैं और सुख ,शांति व समृद्धि की कामना करते हैं। महापौर ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ की बिटिया और झारखंड की बहू हूँ। इन दोनों राज्यों में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं उपायुक्त पलामू ने इस ऐतिहासिक पर्व के महत्व को बताया । मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरवर मीज व प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर भी उपस्थित थे । सरना समाज के लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ झूमर खेलते हुए महापौर अरुणा शंकर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**हरिहरगंज ।** कौआखोह के समीप एनएच 98 पर गुरुवार की रात 24 वर्षीय युवक नवीन कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया । जिसका इलाज वाराणसी बीएसयू ट्रामा सेंटर में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक युवक कौआखोह स्थित अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय में कार्यरत सिमरवार निवासी कलपू पासवान का पुत्र था। वह अपने बाइक से गुरूवार की रात करीब 9 बजे बिहार के कुटुंबा के अपने घर लौट रहा था। तभी उक्त स्थान पर अज्ञात ट्रैक्टर ने उसके बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा।

### राष्ट्रीय परशुराम सेना ने रामनिवास को किया सम्मानित

# समाज सेवा सबसे बड़ा धर्म : रामनिवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव की मेदिनीनगर टीम ने आज शुक्रवार को झारखंड प्रदेश प्रवक्ता रामनिवास तिवारी को भगवा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा निवासी रामनिवास तिवारी समाजसेवा में अहम योगदान रखतें हैं । वे समाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जिसे देखते हुए उन्हें दिल्ली तथा झारखंड ईकाई ने प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रवक्ता बनने के बाद पहली बार मेदिनीनगर पहुंचने पर राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के झारखंड संरक्षक मुकेश तिवारी तथा पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने पगड़ी बांधकर श्री तिवारी का स्वागत किया। वहीं राम निवास तिवारी ने बताया कि ब्राह्मण को सरकार अपेक्षित ना करें, ब्राह्मण के लिए सरकार विशेष रणनीति बनाकर काम करे। सरकार ब्राह्मण को 10% ईडब्लूएस का लाभ दे रही है, जो गलत है। झारखंड का पलामू और गढ़वा ब्राह्मण बहुल क्षेत्र है । सभी जातियों का आरक्षण खत्म कर सिर्फ ब्राह्मण को ही आरक्षण दिया जाए । मौके पर उमेश तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, रितिक चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

# परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को डीएसपी ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा फल 2022- 23 के वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पलामू डीएसपी ऋषभ गर्ग शामिल हुए। आगंतुक अतिथियों को वेद मंत्रोचार के बीच तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि ने अपना निजी अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में 99% अंक नहीं लाता था। किंतु आज जिस पद पर हूं उसके साथ न्याय कर संतुष्ट हूं। द्वितीय अतिथि सुरजीत कुमार डीएसपी पलामू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन आवश्यक है। छात्र अच्छे इंजीनियर , चिकित्सक बने , किंतु किताबी कीड़ा न बनकर चरित्र एवं मूल्य निर्माण का सतत प्रयास करें। इस दिशा में डीएवी प्रबंधन की भूमिका सराहनीय है। एमकेवी प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह ने कहा कि बच्चों का मौलिक एवं सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों एवं उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की सजग सतर्क एवं स्नेह पूर्ण योगदान के कारण ही हम यह परिणाम देने में सफल रहे। अवकाश प्राप्त सैन्य अधिकारी ने ब्रजेश शुक्ला ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अन्य बच्चे प्रेरित होकर अपना प्रदर्शन सुधार सकेंगे। डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रों के अंदर स्पर्धा की भावना भरने के लिए ऐसे कार्यक्रम हर वर्ष करने योग्य हैं ।अतिथियों के साथ विद्यालय के स्थानीय प्रबंध समिति के सदस्य गुरबीर सिंह ने भी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन डीएवी गान के साथ किया गया।



## छात्रावास में धूपधाम से मना सरहुल

**सतबरवा ।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्रावास के प्रांगण में प्रकृति पर्व सरहुल पूरे धूमधाम से शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन के द्वारा सिंगार प्रकृति की पूजा पाठ कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे आयोजकों के द्वारा उपस्थित जिप सदस्य सुधा कुमारी ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ,राजेंद्र सिंह चेरो, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा समेत पत्रकारों को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से पहुंचे आदिवासी समाज के लोगों ने ढोल, नगाड़ा, मांदर की थाप पर प्रकृति गीत गाते हुए ट्रेनिंग कॉलेज से जुलूस निकला जो मेला टांड़, क्रांति चौक, बस पड़ाव, रामघाट, महावीर चौक, मस्जिद मोहल्ला होते पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान लोग जय धर्मेश, जय चाला का जयकारा भी लगा रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर लोगों ने अपने - अपने ग्रुप के साथ मांदर की थाप पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अदि, कुडुख सरना समाज के संयोजक अजय उरांव ,प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव उरांव, रबदा मुखिया पुष्पा देवी, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, बकोरिया मुखिया संतोष उरांव,पसस अशोक राम , भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विजय पाठक मुख्य रूप से शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, सीएचसी से रेफर

**विश्रामपुर।** बीमोड मुख्य पथ पर बरवाडीह के समीप सड़क दुर्घटना में शुक्रवार को एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान विकास कुमार उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई है। जो गढ़वा शहर के नाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक विश्रामपुर से बाईक द्वारा अपने घर नाबाद जा रहा था। तभी विश्रामपुर बीमोड़ मुख्य पथ पर बरवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसे स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेन्स की मदद से सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विस्थापितों की समस्या के सवाल को विधायक ने सदन में उठाया

**मेदिनीनगर।** रांची उत्तरी कोयल सिंचाई परियोजना अंतर्गत बटाने जलाशय परियोजना 1976 में शुरू हुई थी। जिसमें विस्थापित परिवारों को मुआवजा व अन्य लाभ अभी तक नहीं मिल सका है। इस संबंध में विधायक पुष्पा देवी ने लगातार सदन में सवाल उठाती रही हैं। पुष्पा देवी द्वारा विस्थापितों के भुगतान के प्रश्न पर सरकार ने जवाब दिया है कि कुल 1871. 785 एकड़ रैयती भूमि के विरुद्ध 1655.630 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। जिसमें 204. 365 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना शेष है। शेष भूमि के अधिग्रहण हेतु विशेष भू अर्जन पदाधिकारी के एलपीसी व अन्य कागजात जमा कराने के उपरांत भुगतान कर दिया जाएगा। झारखंड पुनरक्षित पुनर्वास नीति 2012 के कंडिका 9.2 के तहत नौकरी देने के संबंध में सरकार ने कहा कि नियुक्ति में विस्थापितों को उच्चतम प्राथमिकता दी जाएगी। बाकि मेदिनीनगर को 11749.69 लाख रुपये उपलब्ध करा दिया गया है। विशेष भू अर्जन पदाधिकारी के स्तर से भुगतान प्राप्त करने के लिए तीन बार नोटिस भी दिया गया है।

# भाजपा कार्यसमिति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा कार्यसमिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने पलामू उपायुक्त को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सिविल सर्जन कार्यालय में हो रही अनियमितता के संबंध में पत्र लिखा है। आपके पदस्थापना काल से लगातार जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने और जनता दरबार के माध्यम से जरूरतमंदों के समस्याओं के निदान हेतु धन्यवाद देता हूँ। जिले के सर्वेसर्वा होने के नाते एक अत्यंत जनहित से जुड़े स्वास्थ क्षेत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए आग्रह है कि आप स्वयं स्थानीय अस्पतालों को नया जीवन देने का कार्य करें। क्योंकि वर्षो से यह रेफर अस्पताल बन कर रह गया है। सिविल सर्जन जैसे महत्वपूर्ण पद का प्रभार में रहना सरकारी क्वार्टर में अनुबंधित कर्मी का रहना एवं सिविल सर्जन और उनके अधीनस्थ महत्वपूर्ण पद पर बैठे लोगों के मनमानी के कारण यह सेवा क्षेत्र ठेकेदारी स्थल बन गया है। गत माह पड़ोसी जिले गढ़वा में सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिस अंदाज में निविदाओं और ठेकेदारी को लेकर उत्पाद मचाया गया है। कहीं उसी तरह की घटना सिविल सर्जन पलामू के कार्यालय में ना हो जाये, क्योंकि जिस प्रकार नियमों के ताक पर रखकर सिविल सर्जन कार्यालय से निविदायें निकाली जाती है। वह पूरी तरह से अपने चहेतों के साथ की गयी मिलीभगत का प्रमाण है । श्री वर्मा ने पत्र के साथ उदाहरण स्वरूप एक निविदा सूचना इस आवेदन के साथ संलग्न किया है। श्री वर्मा ने आग्रह किया कि अन्य समस्याओं के साथ चिकित्सा सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर सुव्यव्यस्थित किया जाये। ताकि राज्यों के युवा मुख्यमंत्री के द्वारा निकाली जा रही यात्रा के उद्देश्यों को सफलता मिल सकें। जिसके निमित्त मांग और सुझाव दिया है। श्री वर्मा ने पत्र में मांग की है कि 108 नं. से मिलने वाली एंबुलेंस सुविधा को एलर्ट मोड पर रखा जाए।

# किसान मित्र संघ की बैठक में राज्य सरकार पर चर्चा

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के किसान मित्र संघ की बैठक शुक्रवार को जपला स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर के प्रांगण में हुई । इस बैठक की अध्यक्षता किसान मित्र संघ के अध्यक्ष सह हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने की। जबकि संचालन संघ के सचिव सुदर्शन सिंह के द्वारा किया गया । बैठक में किसान मित्र एवं किसानों की समस्या पर विस्तार से चर्चा किया गया। संघ के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि झारखंड की राज्य सरकार किसान विरोधी है। सुखाड़ और महंगाई की मार झेल रहे किसानों की हालत बद से बदतर हो गई है। आजादी के पचहत्तर वर्षों के बाद भी किसान परिवार अच्छी शिक्षा, चिकित्सा , रोजगार,भोजन, कपड़ा और मकान के लिए तरस रहे हैं और इनके चुने गए प्रतिनिधि सरकार में बैठकर गुलछर्रे उड़ा रहे हैं। सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजना सिर्फ समाचार पत्रों में देखा जा रहा है । पीएम किसान योजना, फसल राहत योजना, सुखाड़ राहत योजना बीज वितरण योजना, केसीसी योजना सहित अन्य सभी योजनाओं से धीरे धीरे वंचित किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से किसान मित्र नागेंद्र सिंह, नवल किशोर उपाध्याय, जनेश्वर बैठा, राजकुमार पाल, सुनील पाठक,मदन सिंह, विजय सिंह,सुनील सिंह,सहित कई किसान मित्र मौजूद थे।

शोभा यात्रा | नागपुरी गीतों व मांदर की थाप पर जमकर झूमे लोग

# कुदरत को ईश्वर मानने का अद्भुत त्योहार है सरहुल

### प्रकृति को समर्पित इस पर्व में परमेश्वर से धन्य धान्य से परिपूर्ण धरती की कामना की जाती है

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** आद्दी कुडुख सरना समाज छतरपुर और नौडीहा बाजार के हजारों लोगों की मौजूदगी में सरहुल सम्पन्न हो गया। सरहुल के इस मौके पर छत्तरपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो मसिहानी से निकल कर नगर की मुख्य सड़कों से गुजरता हुआ थाना परिसर में समाप्त हो गया। मौके पर युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए । उन्होंने कहा कि सरहुल कुदरत को भगवान मानने का त्योहार है। प्रकृति को समर्पित इस पर्व में परमेश्वर से धन्य धान्य से परिपूर्ण धरती की कामना की जाती है।सरहुल की इस शोभा यात्रा को सफल बनाने में अद्दी कुडुख सरना समाज छतरपुर व नौडिहा बाजार के हजारों लोग शामिल हुए। इस शोभायात्रा को सफल बनाने संजीत उरांव, नरेश उरांव सहित कई लोगों ने अपना योगदान दिया।



**कार्यालय उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
(जिला नजारत शाखा)
Tel. No. ( Office) – 06562-231044 • E-mail ID –dc-pal@nic.in

**अल्पकालीन-निविदा**

उपायुक्त, पलामू की गोपनीय शाखा में आगंतुक पदाधिकारियों/ कर्मियों के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्रियाँ निविदा के माध्यम से क्रय की जानी है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से मुहरबन्द निविदा दिनांक 31.03.2023 को अपराहन् 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छूक आपूर्तिकर्त्ताओं को दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड सम्बन्धी कागजात अपराहन् 01.00 बजे तक जिला नजारत शाखा, पलामू में समर्पित करना होगा। फर्मों से प्राप्त निविदा को दिनांक 31.03.2023 को अपराहन् 04.00 बजे समाहरणालय भवन, पलामू (Block-A), मेदिनीनगर के सभाकक्ष में निविदा –सह– क्रय समिति के समक्ष खोला जायगा।

निविदा से सम्बन्धित शर्तों, विस्तृत जानकारी तथा सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर अथवा जिला नजारत शाखा, पलामू में किया जा सकता है।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 293528 (Palamu) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



झारखण्ड सोरकार

# अबुआ: बजट 2023-24

## बजट रेया: मूड़ बिंदु

### कृषि

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना रे 4.5 लाख ऐ,ते पुरे: किसान को ₹1,727 करोड़ रेया: ऋण माफी
- सुखाड़ राहत योजना लागिड 13 लाखकिसान कोवा: खाता रे ₹461 करोड़ रेया: राशि हस्तांतरित जाना ओन्डो: सारे:या कन को देंगा को एमो:वा
- 5 एकड़ेते कोम क्षेत्र रेया बांदा रेया: लोसोड आतोमे लागिड ओन्डो: डीप बोरिंग लागिड ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना रे लाखों किसान को जुड़ी ने ऐना लागिड ₹300 करोड़ रेया बजट मेना:
- गिरिडीह ओन्डो: जमशेदपुर रे नामा डेयरी प्लांट ओन्डो: रांची रे दूध उत्पाद प्लांट स्थापित होबाना
- लाखों दूध उत्पादक को ना:एते ₹3 प्रति लीटर रेया: दर ते प्रोत्साहन राशि को नामेया
- मिलेट उत्पादन रेया: प्रोत्साहन लागिड झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन रेया: शुरुवात होबाना

### ग्रामीण विकास

- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन पायेते 1 लाख किसान कोवा: निजी ओते रे सिंचाई कूप रेया: निर्माण होबाना
- पी एम आवास - ग्रामीण इलाका रे ओवा: बई लागिड ₹3,542 करोड़ रेया: प्रस्ताव होबाकाना

### ग्रामीण कार्य

- पी एम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी होरा ओन्डो: 143 पुल बाई तेया: योजना मेना:
- सी एम ग्राम सड़क अंतर्गत साबिन स्वास्थय उपकेंद्र, बाजार-हाट , पंचायत कार्यालय, मिडिल-हाई स्कूल, पोस्ट-ऑफिस, बैंक को पक्का होरा लो:ते जोड़ावे तेया योजना
- पापारी होरा को बाईउरे लागिड होरा रेया: सतह नवीकरण ओन्डो: विशेष मरम्मति रेया: योजना शुरु होबाना

### स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा

- 80 उत्कृष्ट स्कूल ओन्डो: 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल को लो: ते 4,091 ग्राम पंचायत स्तर रे आदर्श स्कूल रेया: पनाइटी होबान तना
- नेतरहाट स्कूल लेका चाईबासा, दुमका ओन्डो: बोकारो रे आवासीय विद्यालय रेया: निर्माण होबाना
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना ओन्डो: एकलव्य प्रशिक्षण योजना पायेते करीब 37,000 छात्र -छात्रा को लाभ एमा को तेया: लक्ष्य मेना:

PR No. 293407 (IPRD) 2022-23

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना पायेते 14,0000 सेपेड-हापानुम को कौशल प्रशिक्षण को नामेया। प्रशिक्षण तायोम ते रोजगार का नामो: रे 6 महीने लागिड सेपेड को ₹1,000 ओन्डो: हापानुम ओन्डो: दिव्यांग को ₹1,500 प्रति महीने को नामेया

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

- वित्तीय वर्ष 2022-23 रे प्री मेट्रिक छात्रवृति तहत 22 लाख ऐते पुरे: पटुवा को ₹462 करोड़ ऐते पुरे: को भुगतान याना
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (ब्ध्म्ळच्) पायेते 5,600 युवा को ना: जोन्ग लाभ को नामा कडा। 2023-24 रे योजना पायेते 2 लाख युवा को लाभ एमा को तेया: लक्ष्य मेना:
- साबिन छात्रावास रे छात्र -छात्रा को नि:शुल्क जोमा:-मांडी ओन्डो: हॉस्टल रे रसोईया ओन्डो: एमन कर्मी को टाइने
- हॉस्टल रे मॉडल लाइब्रेरी रेया स्थापना रेया: लक्ष्य मेना:
- जनजातीय संस्कृति ओन्डो: कला केंद्र रे पारम्परिक वाद्ययंत्र रेया: आपूर्ति रेया: प्रस्ताव मेना:
- मानकी, मुंडा, डाकुआ एमन को न्यायिक, प्रशासनिक ओन्डो: वित्तीय पनाइटी लागिड दोपहिया वाहन एमा को तेया: प्रस्ताव मेना:

### स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

- बेकारो ओन्डो: रांची रे मेडिकल कॉलेज रेया: स्थापना होबाना
- पलामू, चाईबासा ओन्डो: दुमका रे मनोचिकत्सा केंद्र रेया: स्थापना प्रस्तावित मेना:
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक रेया: सञ्चालन ओन्डो: प्रबंधन
- नामा नर्सिंग ओन्डो: फार्मेसी कॉलेज रेया: स्थापना होबाना

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

- सर्वजन पेंशन योजना लागिड ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित मेना:
- महिला ओन्डो: किशोरी कल्याण योजना रेया: शुरुवात होबाना
- 800 नामा आंगनवाड़ी भवन रेया: निर्माण होबाना

### जल संसाधन

- पटमदा ओन्डो: पलामू रे मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना प्रस्तावित मेना:। दुमका रे मसलिया-रानेश्वर ओन्डो: देवघर-जामताड़ा रे सिकटिया रे मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना रेया: पनाइटी होबान तना

### पथ निर्माण

- रांची रे सिरमटोली चैक ऐते राजेंद्र चैक जोका फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर ओन्डो: विकास विद्यालय ऐते नामकुम जोका फोरलेन रेया: पनाइटी होबान तना
- नेन होरा को बाइओतेया: मेना:
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा-दुमका-गोविंदपुर
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविन्दपुर (SH-13)
  3. सतसंग-भिरखीबाद

### ऊर्जा

- 100 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना रे 18 लाख उपभोक्ता को लाभ को नामे ताना। ववित्तीय वर्ष 2023-24 रे योजना लागिड ₹2,300 करोड़ रेया: बजट मेना:

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य

- खेलकूद को बढ़ाओ लागिड ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर ओन्डो: सिद्धो-कान्हू युवा क्लब रेया: स्थापना होबाना

### नगर विकास एवं आवास

- रामगढ़ ओन्डो: सिमडेगा शहरी जलापूर्ति ओन्डो: 45 बाँदा को रेया: जीर्णोदार होबाना
- झुमरीतिलैया ओन्डो: मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना ओन्डो: रांची इंटेक वर्क्स रेया: निर्माण होबाना
- JHARKHAND MUNICIPAL DEVELOPMENT PROJECET (JMDP) रे लोहरदगा, गुमला ओन्डो: कपाली नगर निकाय रे शहरी जलापूर्ति योजना रेया: पनाइटी आयोबो: लागिडकोरे कमी एयहोबोआ

### वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन

- लघु वन उत्पाद कोवा: प्रसंस्करण इकाई कोवा: प्रोत्साहन
- बुरु बितर मेना: हातु को, ओकोन रे ना: जोका पक्का होरा का सेटेरा काना, एन साबिन हातु को पक्का होरा लो: जोड़ावे तेया: लक्ष्य

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ


## कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा संपन्न

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कार्यालय के सभागार में 24 मार्च को पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया । पत्रकार सम्मेलन में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ,प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ,जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ,ईश्वरी प्रसाद सिंह ,रिजवान खान ,मिथिलेश कुमार सिंह ,जितेंद्र कमलापुरी ,जिला महासचिव देवांग शुक्ला ,संतोष गुप्ता, शैलेश मेहता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे । पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा प्रखंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । दूसरी कड़ी में 5 अप्रैल 2023 से पलामू जिला के 264 पंचायतों में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। जन जन के नेता राहुल गांधी के संदेशों को जिला के तमाम घरों तक पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता कर रहा है। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक 5 अप्रैल से 28 अप्रैल तक लगातार प्रत्येक दिन एक पंचायत में मौजूद रहेंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों में प्रखंड प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी को नियुक्त कर दी गई है। जो प्रभारी पंचायतों में जाकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता के लिए कार्य करेंगे।

## कायस्थ महासभा की हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के तत्वावधान मे एक आम बैठक जेलहाता स्थित जिला कार्यालय मे हुई । जिसमे संगठन के विस्तार तथा मुख्य रूप से रामनवमी के अवसर पर कार्यक्रम करने पर चर्चा हुई । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 मार्च 23 (रामनवमी) को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के युवा प्रकोष्ठ के द्वारा स्थानीय स्वागत होटल के निकट एक पंडाल लगाकर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा । साथ मे चना, बादाम, किशमिश तथा गुड़ का वितरण किया जायेगा। यह कार्यक्रम जुलूस के दौरान लगातार चलता रहेगा, ताकि रामभक्तो को असुविधा न हो । युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश कुमार ने अपने सदस्यो के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही। कार्यक्रम मे होने वाले व्यय को सभी सदस्य आपस मे मिलकर वहन करेंगे । बैठक में प्रदेश सचिव अरूणजय नारायण सिंहा तथा स्नेह रंजन श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सुबोध प्रसाद, संगठन मंत्री संजय शरण, वैवाहिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रवी कुमार सिंहा, युवा अध्यक्ष राजेश कुमार, वरिष्ठ सदस्य शरद शरण, संजय राज आदि उपस्थित थे । बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल किशोर एवं संचालन महासचिव लाल बहादुर सिंहा ने की।

# आज नहाय खाय के साथ चैत छठ महापर्व शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नहाय खाय के साथ शुक्रवार से चैत छठ महापर्व की पूजा शुरू होगी। पालमूवासियो के लिए छठ महापर्व प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, एक चैत्र माह और दूसरा कार्तिक मास में। हालांकि कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनायें जाने वाला छठ पर्व मुख्य माना जाता है। कार्तिक छठ पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। चैती छठ पूजा को बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के साथ देश के कई हिस्सों में मनाया जाता। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संतान की कामना करने वाली महिलाओं के लिए यह व्रत उत्तम माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, छठी मैय्या को भगवान सूर्य की बहन कहा जाता है। मान्यता है कि छठ महापर्व में छठी मैय्या व भगवान सूर्य की पूजा करने से छठी मैय्या प्रसन्न होती हैं। इस व्रत के पुण्य प्रभाव से घर में सुख-शांति व खुशहाली आती है।

**कब तक होगी महापर्व की पूजा :** आज नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू होगी,कल खरना किया जायेगा। 27 को छठव्रतियों के द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा और 28 को उगते सूर्य अर्घ्य के साथ पूजा सम्पन्न होगी। 27 मार्च को शाम के अर्ध्य के लिए 5.30 बजे व 28 मार्च को सुबह के अर्ध्य के लिए 5.55 बजे का मुहूर्त शुभ है।

# बेरोजगार मोर्चा कार्यालय में सरहुल मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि सरहुल झारखण्ड की सांस्कृतिक पहचान है। सरहुल प्राकृति के साथ जुड़कर रहने का प्रतीक है। आदिवासी का प्राकृति से गहरा सम्बंध है। छठ पूजा की तरह ही सरहुल पर्व पवित्र पर्व है। सरहुल में धरती और सुर्ख की पूजा कि जाती है। प्रकृति की गोद में रहने वाले हम सभी का कर्तव्य हैं कि प्राकृति की रक्षा करें। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने आहवान किया कि आदिवासी सामाज नशा पान एवं अंध विश्वास से दुर रहे और शिक्षा को अपनाएं। झारखण्ड के नव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। मौके पर रामयाद उरांव, शिवनरायण साव, रामपृत टोपो, नन्हक सिंह, मनीष उरांव, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, रंजित कुमार, आकांक्षा लकड़ा, प्रेम टोपो, मनोज सिंह, सरोज उरांव, लखन उरांव, यशवंत कुमार, रणजीत कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरहुल पूजा में शामिल हुए उपायुक्त

### मांदर बजाकर प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे शुक्रवार को सरहुल पर्व के अवसर पर शहर के शाहपुर स्थित मिशन स्कूल में सरना समाज की ओर से आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव के आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान वे मांदर बजाकर लोगों को उत्साहित करते नजर आये। साथ ही मांदर की थाप पर पारंपरिक लोकगीत गाकर लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने अखाड़े में मौजूद लोगों से प्रकृति के इस पर्व को खुशी से मनाते हुए प्रकृति की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन प्रकृति की पूजा की जाती है, पारंपरिक नृत्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी से जुड़कर ही अपनी संस्कृति की पहचान को बचाया जा सकता है। यह पर्व हमें परंपराओं से जोड़े रखता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सरना समाज के लोगों ने मांदर व नगाड़े की थाप पर पारंपरिक लोकनृत्य-गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# पलामू में मना उत्साह के साथ सरहुल



### सरहुल पर्व के साथ नये साल की होती है शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में आदिवासी समाज के द्वारा शुक्रवार को सरहुल पर्व मनाया गया। जिले भर में इसे लेकर उत्साह का माहौल बना रहा। ऐसी मान्यता है कि सरहुल पर्व के साथ नए साल की शुरूआत होती है। आदिवासियों के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन से ही आने वाले साल का अनुमान लगाया जाता है। इस पर्व में अगले एक साल के भोजन, पानी और खेती के लिए प्रकृति से प्रार्थना की जाती है। सरहुल पर्व को लेकर एक खास परंपरा है। इस पर्व के दौरान गांव का पुजारी जिसे पाहन कहा जाता हैं। उनके द्वारा मिट्टी के तीन पात्र लिए जाते हैं। जिसमें शुद्ध जल भरकर पूजा करके पूजा के स्थान पर रखा जाता है। अगले दिन प्रातः पाहन के द्वारा मिट्टी के तीनों पात्रों को देखा जाता है। जिससे एक साल के भविष्य का पता चल जाता है।

**जल स्तर से निर्धारित होता है भविष्यः-** यदि पात्रों से पानी का स्तर घट गया है तो वह अकाल की भविष्यवाणी मानी जाती है। वहीं, यदि पानी का स्तर सामान्य रहा तो उसे उत्तम वर्षा का संकेत माना जाता है। सरहुल पूजा के दौरान ग्रामीणों द्वारा सरना स्थल (पूजा स्थल)को घेरा जाता है और साफ-सफाई की जाती है। इस दिन प्रकृति की पूजा की जाती है ।

**प्रकृति पूजा का पर्व है सरहुलः-** सरहुल पर्व आदिवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है। वसंत ऋतु में इस पर्व को मनाया जाता है। यह पर्व मुख्यतः प्रकृति से संबंध रखता है। यह फूलों का त्योहार है। पतझड़ ऋतु के कारण इस मौसम में पेंड़ों की टहनियों पर नए-नए पत्ते एवं फूल खिलते हैं। सखुआ के फूल को धर्मेश बाबा जिनकी सरहूल के दिन पूजा की जाती है। इनपर अर्पण किया जाता है और प्रार्थना किया जाता है कि धर्मेश बाबा हमारे जीवन में किसी प्रकार की परेशानी ना आये।

**चार दिनों तक मनाया जाता है पर्वः** आनेवाला साल सभी के जीवन में खुशहाली लायें। किसानों के चेहरे पर हमेशा खुशी बनी रहे। भोजन पानी की कमी जीवन में न हो। आने वाले साल में सुखा आकाल न पड़ें,इसकी प्रार्थना की जाती है। इसके बाद चना और गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। सरहूल पर्व मुख्य रूप से चार दिनों तक मनाया

### धर्मेश बाबा की होती है पूजा

पूर्वजों के समय से चलती आ रही परंपरा में सभी सरना समाज के लोग पारंपरिक पोशाक पहनकर शोभा यात्रा निकाल कर दाढ़ी कुआ पहुंचते है। मान्यता है कि इसका जल पूरी तरह शुद्ध होता है। इस जल को लेकर पैदल ही वापस पूजा स्थल पहुंचते है। जहां परंपरा के अनुसार झंडा गाड़ा जाता है। पूजा में फूल के रूप में सखुआ के फूल को धर्मेश बाबा जो सरना समाज के भगवान है, उनपर चढ़ाया जाता है। इसके बाद सभी लोग प्रसाद लेकर अपने अपने घर वापस लौट जाते है।

# आज से नगर निगम सैरात बंदोबस्ती की शुरूआत करेगा




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा आज से सैरात बंदोबस्ती की शुरूआत किया जा रहा है। पूर्व में 11 मार्च से सैरात बन्दोबस्ती हेतु निर्धारित तिथि थी। लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया। अब सैरात बन्दोबस्ती हेतु पुनः 27 मार्च एवं 28 मार्च निर्धारित की गई है। निगम के द्वारा सैरात बन्दोबस्ती में जिन व्यक्तियों को भाग लेना है। वें उक्त तिथि को अपना-अपना ड्राफ्ट एवं अन्य कागजात आवेदन पत्र के साथ मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में जमा करेंगे। शेष शर्ते यथावत रहेगी। सैरातो की डाक नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जायेगी।

**किन किन स्थानों की होनी है बंदोबस्ती :** निगम के द्वारा मुख्य सब्जी बाजार ,सब्जी बाजार पांकी रोड रेड़मा, सब्जी बाजार सदीक मंजिल चौक, सब्जी बाजार स्टेशन / गाँधी मैदान रोड़, बकरी बाजार ,वाहन पार्किंग (छोटी गाड़ियों के लिए) गीता भवन से थाना तक, वाहन स्टैण्ड (टैक्सी / टेम्पु / मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) सदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट (सदिक मंजिल` चौक से कॉपरेटिभ चौक, नामधारी गुरुद्धारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड तक) गल्ला बाजार (मुख्य बाजार) स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ ,रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने वाहन पार्किंग हॉस्पिटल चौक के समीप आईएमए हॉल के सामने रेड़मा चौक से जीएलए कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टैण्ड तक , चैनपुर स्टैण्ड - चैनपुर सब्जी बाजार का सैरात बंदोबस्ती किया जाना है।

**क्या है सैरात बंदोबस्ती के शर्ते :** निगम के द्वारा डाक बोली के एक घण्टा पूर्व, जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक, नगर आयुक्त नगर निगम के पदनाम से देय होगा । डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि 500 रू0 होगी। डाक समाप्ति के पश्चातसर्वोच्च डाकवक्ता को डाक की सम्पूर्ण राशि एकरारनामा के पूर्व बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक द्वारा एक मुश्त एक सप्ताह के अन्दर जमा करना होगा।

## एसडीओ ने महावीर जनरल कार्यालय का किया उद्घाटन

**मेदिनीनगर ।** शहर में महावीर नवयुवक दल जेनरल कार्यालय का उद्घाटन सदर एसडीओ राजेश शाह के द्वारा फीता काटकर किया गया। जेनरल आयोजित शाहपुर के तत्वावधान में जेनरल कार्यालय उद्घाटन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महावीर नवयुवक जेनरल मेदिनीनगर के उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष मनोहर कुमार लाली के द्वारा किया गया। इस मौके पर सदर एसडीओ राजेश शाह ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि पहले से जिस तरह सद्भाव के साथ रामनवमी मनाया जाता था, उसी तरह शोभा यात्रा निकालें। महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में मेदिनीनगर ने आपसी सौहार्द की एक मिसाल कायम की है । जहां वर्षों पूर्व रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न होते आया है । उसी प्रकार इस वर्ष भी रामनवमी शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जयेगा। मौके पर मुख्य रूप से गणेश गिरी, बबलू गुप्ता, नागेंद्र कुमार नागिन, विशेश्वर गिरी, रामनरेश स्वर्णकार ,घूरा राम ,प्रभात अग्रवाल( भोला), मुकेश अग्रवाल, श्याम चौधरी, सुरेश कुमार टाम, राजू चंद्रवंशी, रंजित चंद्रवंसी ,अमृत अग्रवाल ,चंद्रभूषण जयसवाल, बंटी कुमार सहित काफी संख्या में रामनवमी समिति के सदस्य एवं सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

## गरीब के बच्चों को मिलेगी फ्री शिक्षा

**मेदिनीनगर।** पलामू के 12 मान्यता प्राप्त स्कूलों में 25% सीटों पर कमजोर वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के बच्चों का निःशुल्क नामांकन किया जायेगा। गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय में बैठक की गई। इसमें पलामू उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत नामांकन को लेकर बातचीत की गई। वित्तीय वर्ष 2024 में पलामू जिले के 12 निजी विद्यालयों में फ्री और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रवेश कक्षा में नामांकन 25 प्रतिशत सीटों पर अभिवंचित समूह, कमजोर वर्ग एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के बच्चों का नामांकन किया जायेगा। अब गरीब के बच्चे भी निजी विद्यालयों में पढ़ाई कर सकेंगे। पलामू जिले के 12 निजी विद्यालयों की शिक्षा का लाभ गरीब के बच्चे भी ले सकेंगे। इसे लेकर प्रपोजल ट्वीट किया जा रहा है। वर्ष 2024 गरीब के बच्चों के नामांकन 25% सीट पर हो सकेगा। पलामू उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि 72000 रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इसे लेकर बच्चों के नामांकन के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

# बसपा ने की जर्जर तार बदलने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बसपा नेता विनोद कुमार सोनी , डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी व जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि वर्ष 1999 के रामनवमी विद्युत हादसें में 11000 बोल्टेज के तार टूट कर राम भक्तों के ऊपर गिर जाने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद रामनवमी का त्योंहार अंधेरे में मनायें जाने लगा । शहर वासियों के विद्युत कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर देने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इसे लेकर शहर के कुछ समाजसेवी व नेताओं ने आवाज उठायी। बर्षो लड़ाई लड़ने के बाद अंडरग्राउंड तार वायरिंग का सरकार द्वारा पास किया गया। विद्युत अंडरग्राउंड का कार्य भारी-भरकम खर्च लगने के बाद शुरू किया गया। लेकिन वह कार्य अधूरा ही रह गया। शहर के बिजली खंभों में जो भी तार अंग्रेज के समय लगा हुआ है उसे कुछ बदल दिया गया । बाकि सभी पुरानी तार खंभों में अभी टंगा हुआ है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

# प्रकृति की रक्षा में जरूर करें पौधरोपणः कौशल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने जिले के छतरपुर अनुमंडल के अलग -अलग गांवों के तीन श्राद्ध कर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम पर पौधरोपण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया। छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कुंडली निवासी स्व मुनेश्वर मिस्त्री एवं हुलसम पंचायत के ग्राम पाटादोहर निवासी स्व गोराई भुइयां तथा हुटुगदाग पंचायत के इटकदाग निवासी स्व ब्रह्मदेव भुइयां के श्राद्धकर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। वहीं ब्रह्मदेव भुइयां और गोराई भुइयां के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने मुंनकेरी पंचायत के टेनपा के स्वर्गीय रमेशी भुईयां के असामयिक मृत्यु पर उनके घर जाकर परिजनों को न सिर्फ हर संभव मदद करने की भरोसा दिलाई बल्कि हर सुख दुख में उनके साथ खड़ा रहने की प्रतिबद्धता भी दुहरायी। मौके पर स्व रमेशी भुइयां के पुत्र सुभाष भुइयां, स्व ब्रह्मदेव भुइयां के पुत्र निरंजन भुइयां, स्व गोराई भुइयां के पुत्र मगरु भुइयां, प्रभु भुइयां, स्व, मुनेश्वर मिस्त्री के पुत्र, भरत विश्वकर्मा, शिव भरत विश्व, गणेश विश्व, नंदू विश्वकर्मा, सुरेश विश्व, रामनरेश विश्व, रामरेस विश्व , कामेश्वर विश्व, सुभाष गुप्ता,नरेश शाव, रामाधार पासवान, महेंद्र शाव, मालदेव चंद्रवंशी,अमरेंद्र कुमार रवि,उपस्थित थे।

आस्था

## छठ, रामनवमी व रमजान को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़

# भगवा झंडे से सजाया गया, जय श्रीराम से गूंजा शहर







नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में रामनवमी छठ और रमजान को लेकर चहल-पहल शुरू हो गई है। वही पूरे शहरों को महावीर नव युवक दल के द्वारा भगवा झंडे से पाट दिया गया है । सभी मुहल्लों और शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर महावीरी झंडा को लगाया गया है। जिसे शहर की रौनक बढ़ गई है। स्थानीय छह मुहान चौक, रेड़मा ,शाहपुर, सुदना, बेलवाटिका, बाजार, साहित्य समाज, शिवाला रोड,रांची रोड, नावाटोली में रामनवमी को लेकर चहल पहल ज्यादा रही। कोरोना के असर के बाद इस बार रामनवमी का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी सरकार के गाइड लाइन के अनुसार रामनवमी मनाने को कहा गया है। इसे देखते हुए सभी पूजा समितियों की ओर से रामनवमी मनाने को लेकर उत्साह दिख रहा है। वही चैत छठ को लेकर के भी बाजारों में लोगों की भीड़ है। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा आज से नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगी। लोग दउरा-सूप समेत अन्य पूजा सामग्रियों की जमकर खरीददारी करते दिखे। वहीं छठ पर्व को लेकर बाजार भी सज गया है। दुकानों के अलावे सड़क किनारे भी अस्थायी पूजा सामग्रियों की दुकानें सजायी गई है। अस्थायी सड़क किनारे दुकान लगाकर पूजा सामग्री बेच रहे संजय कुमार ने कहा कि अभी तक छठ पर्व का बाजार नहीं पकड़ा है। उन्होंने कहा कि आज नहाय-खाय है। उम्मीद है कि आज से छठ पर्व का बाजार में तेजी आयेगी। दउरा-सूप आदि के दुकानों पर भीड़ काफी रहा।

### छठ में महंगाई पर आस्था भारी

महंगाई की मार ने लोगों की कमर तोड़ दी है। लेकिन इसके बावजूद आस्था पर महंगाई का कोई असर नहीं दिख रहा है। जहां रामनवमी को लेकर बाजारों में भीड़ दिख रही है । वही छठ और नवरात्र को लेकर के भी लोग खुलकर खरीदारी कर रहे हैं। चैत छठ पूजा करने वाले लोगों की संख्या भले ही कम हो । लेकिन अधिकांश लोग चैती छठ को भी उतने ही उत्साह के साथ करते हैं । जितना कार्तिक छठ को किया जाता है। बाजार में अरवा चावल 40-55 रुपए किलो बेचा जा रहा है। इसके अलावे चना दाल 80-90रुपए किलो, कद्दु 20 से 30 रुपए किलो, धनिया पत्ता 40 रुपए किलो, मूली 20-25 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं ओरी चावल 70 से 80 रुपए किलो, मिट्टी का ढक्कना 50 रुपए जोड़ा, दउरा 130 से 250 रुपए प्रति पीस, सूप 60 से 80 रुपए पीस, गुड 45 रुपए किलो, नारियल 20-25 रुपए पीस, छोहाड़ा 200-250 रुपए किलो, किसमिस तीन से साढ़े तीन सौ रुपए किलो, आम की लकड़ी 20 रुपए किलो बेचा गया। बाजार क्षेत्र में प्रशासन द्वारा ब्रेकेटिंग किये जाने से दुपहिया-चारपहिया वाहनों के प्रवेश से जाम सी स्थिति ज्यादा नही उत्पन्न हो जा रही है। छठ पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। छठ पूजा होने वाले घरों में छठ मईया की गीत गूंजयमान हो रहा है।

### नदी घाटों की भी हुई सफाई



चैत छठ पूजा को देखते हुए निगम और कई सामाजिक संगठनों के द्वारा कोयल नदी के घाटों को साफ किया गया। वहीं पंपू कल के घाटों को भी छठ व्रतियों के लिए साफ किया गया है। आज से नहाए खाए के साथ चैती छठ पूजा आरंभ होगा। जो 28 तारीख की सुबह पारण के साथ संपन्न होगा।

# सगी बहन का कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, हत्यारा गिरफ्तार

### मानसिक रूप से विक्षिप्त था युवक, अचानक कुल्हाड़ी से वारकर कर दी हत्या



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा में एक विक्षिप्त भाई ने अपनी बहन की कुल्हाड़ी के वार से हत्या कर दी। घटना 23 मार्च को रात करीब नौ बजे की है। जानकारी के अनुसार भंडरा पंडरिया टानाटोली में लल्लू टाना भगत का 20 वर्षीय बेटा सुनील टाना भगत ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपनी बहन 16 वर्षीय सुमति कुमारी की हत्या कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार विगत तीन चार साल से आरोपी युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसका इलाज झाड़फूंक के माध्यम से कराया जा रहा था। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि वह रात का खाना खा चुका था। उसकी मां बाप और बहन खाने के तैयारी में थे। इसी दौरान वह अचानक उठा और कुल्हाड़ी से अपनी बहन की हत्या कर दी। अभियुक्त को भंडरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि उक्त युवक ने अचानक हमला कर अपनी बहन की हत्या कर दी। हत्या में प्रयुक्त कुल्हारी को जब्त कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

## जंगली भालू के हमला से महिला घायल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।**

जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अति दुर्गम व उग्रवाद प्रभावित ग्राम पंचायत पाखर के बंदरी तरिया में एक बार फिर से जंगली भालू ने ग्रामीण महिला को अपना शिकार बनाने का प्रयास किया। हालांकि महिला जंगली भालू के चंगुल से किसी तरह अपनी जान छुड़ाकर सुरक्षित तरीके से अपना घर भागते हुए पहुंची। जिसे परिजन और गांव के अन्य लोगों ने तत्काल इलाज हेतु अस्पताल ले गये। जानकारी के मुताबिक पाखर पठारी क्षेत्र अंतर्गत बंदरी तरिया निवासी जयवंत नगेसिया की 27 वर्षीय पत्नी जयवंती नगेसिया बीते गुरूवार को दोपहर में गांव से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में महुआ और पत्ता चुनने गई हुई थी इसी दौरान उक्त महिला का भिड़ंत जंगली भालू से हो गई। उल्लेखनीय है कि जंगली भालू ने महिला को अपनी चपेट में लेते हुए कमर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट पहुंचाई है। बताते चलें कि आये दिन जंगली जानवरों के द्वारा पठारी क्षेत्र के लोग शिकार होते रहते हैं परंतु वन विभाग की ओर से जनहित में कोई ठोस पहल नहीं किये जाने से क्षेत्र के लोगों में वन विभाग के प्रति नाराजगी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि वन विभाग जंगली जानवरों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने हेतु किसी तरह का जागरूकता कार्यक्रम नहीं चलाती है यही वजह है कि आये दिन जंगली क्षेत्र के लोग जंगली जानवरों का शिकार हो जाते हैं।

# सेन्हा में लापता युवक का शव गांव के कुएं से हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत गढ़गांव सरना टोली का गढ़गांव दोहर स्थित भीखू उरांव के कुआं से लापता युवक का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान एवं आयता खेस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को बरामद करते हुए जांच पड़ताल में जुट गये। वहीं मृतक का पहचान स्वर्गीय बुधवा उरांव के 30 वर्षीय पुत्र कामेश्वर उरांव के रूप में किया गया। बताया जाता है कि मृतक कामेश्वर उरांव सोमवार रात्रि में लगभग 10 बजे बिना बताए घर से निकला था जो मंगलवार सुबह तक लौट कर घर नही आया उसके बाद



परिजनों ने इधर उधर एवं परिवार में छानबीन करने लगा परंतु कहीं पता नही चला छानबीन के दौरान शुक्रवार को गांव के चरवाहा लोगों के द्वारा भीखू उरांव के कुंआ में तैरता हुआ शव देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही गांव में मातम छा गया।

ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस शव को कुएं से निकलवा कर अग्रतर करवाई में जुट गई। घटना की सूचना पर पंचायत मुखिया बूढ़ेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य अनूपा लकड़ा मृतक के घर पहुंच शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि युवक की मौत कुएं में डूबने से होने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# चांद दिखने के साथ ही माहे रमजान शुरू

### पढ़ी गई पहली जुम्मे की नमाज



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

गुरुवार शाम को चांद दिखने का साथ ही माहे रमजान की शुरूआत हो गई। रमजान के चांद देखने के बाद प्रखण्ड क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों में खुशी का माहौल देखा गया लोगों ने माहे रमजान का स्वागत किया। गुरुवार रात से ही सभी मस्जिदों में रमजान महीने का विशेष नमाज तरावीह शुरू कर दी गई। शुक्रवार से रोजा रखना शुरू किया गया। इस बार रमजान का पहला दिन शुक्रवार होने से लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के सभी मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा की गई। वही जुम्मे की नमाज से पहले कैरो मस्जिद के इमाम मौलाना नुरुल हसन ने लोगों को खेताब करते हुए माहे रमजान के अहमियत को बतलाते हुए कहा कि रमजान महीने का महत्व अत्यधिक है यह महीना मग फिरत का महीना है।

उन्होंने कहा कि जो लोग भी रमजान के महीने अपनी मगफिरत न करा सके अल्लाह तबारक व ताला को खुश न कर सके। वैसे लोग बदकिस्मत हैं। इस महीने में नेकियों का अज्र बढ़ा दिया जाता है। हम लोगों को इस महीने का कदर करना चाहिए रोजा रखने के साथ दुआ, तेलावत, जिक्र, सदका, एक दूसरे का ख्याल रखने, अपनी नफ़्स को नियंत्रण में रखना है। रोजा रखना भूख प्यास को नहीं कहते रोजा रखने का मतलब तो यह है कि लोग बुराइयों से दूर हो उनमें अच्छाई आ जाए।

ज्यादा से ज्यादा इबादत की ओर मसगुल रहे इस महीने में यदि हम रोजा रखते हैं और अपनी मर्जी के हिसाब से जिंदगी गुजार लेंगे तो कोई फायदा नहीं होगा बल्कि रोजा रखने के साथ-साथ हमें अल्लाह के हुकमो और उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए उनके हिसाब से जिंदगी गुजारेंगे तभी फायदा होगा वरना भूखा प्यासा रहने के अलावा कोई फायदा नहीं होगा नमाज के बाद तमाम लोगों ने रमजान महीने के कद्र करने के साथ-साथ दीन इस्लाम के तौर तरीके पर जिंदगी गुजारने, सारे जहां में अमन चयन आपसी भाईचारगी, प्रेम व मोहब्बत की दुआ मांगी गई।

# सरहुल शोभायात्रा | मांदर की थाप पर थिरके सरना धर्मावलंबी

### झखरा कुंबा स्थित सरना स्थल में पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की सुख शांति की कामना की






### शोभायात्रा में शामिल हुए मंत्री रामेश्वर उरांव व रास सांसद धीरज साहू

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

जिले में सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हर तरफ हर्ष उल्लास का वातावरण में लोगों ने सरहुल पूजा मनाई। शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में ढ़ोल मांदर-नगाड़े की थाप पर थिरकते हुए लोग नजर आ रहे थे। सरहुल महोत्सव में क्या आम और क्या खास लोग सभी एक ही रंग में रंगे थे मतलब आम और खास लोगों के भी पैर मांदर की थाप पर थिरक रहे थे। लोहरदगा के झखरा कुंबा स्थित सरना स्थल में विधि विधान से पहले पाहन पुजार के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सरहुल का शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सरहुल की शोभा यात्रा का जगह-जगह पर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा झखरा कुंबा से निकलकर स्टेट बैंक के रास्ते थाना मोड़, शास्त्री चौक, अपर बाजार, गुदरी बाजार, महावीर चौक, राणा चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, वीर शिवाजी पथ, न्यू रोड, पावरगंज चौक कोर्ट रोड होते हुए मैना बगीचा पहुंची। जहां पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। यहां पर शहर से लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए अखाड़े भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पोशाक के साथ शामिल हुए। मेला में पारंपरिक नृत्य और वाद्य यंत्रों ने सभी को मोहित किया। सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान आदिवासी समाज के लोग ढोल-नगाड़ों की आवाज पर झूमते-गाते प्रकृति पर्व का आनंद ले रहे थे।

इधर लोहरदगा पहुचे मंत्री रामेश्वर उराव, राज्यसभा सांसद धीरज साहू समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने सरना स्थल में पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना के उपरांत मांदर बजाकर लोगों के साथ सरहुल की खुशियां बांटी और बधाई दी। मंत्री ने कहा सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं है। यह प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। सरहुल पर्व एक ओर हमें प्रकृति से जोड़ता है तो दूसरी तरफ अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति का अहसास कराता है। वही राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल यह प्रकृति का पर्व है। हमे जल -जंगल -जमीन व संस्कृति की रक्षा करना जरूरी है तभी हमारा वजूद बच पायेगा । अगर हम प्रकृति को संरक्षित नहीं कर पाए तो आने वाली पीढ़ी को कई बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में प्रकृति के साथ छेड़छाड़ को रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।




**सरहुल की शोभायात्रा में शामिल एक युवक की है जो सरना कोड लागू करो का नारा अपने सीने पर लिखकर शोभायात्रा में घूम रहा था। हाथों में सरना झंडा और शरीर में यह नारा लिखकर घूमते देख लोग आश्चर्यचकित रह गए।**

### अभाविप ने सरहुल शोभायात्रा का किया स्वागत



**लोहरदगा।** शुक्रवार को अभाविप लोहरदगा इकाई ने प्राकृतिक पर्व सरहुल के पावन अवसर पर पावरगंज चौक मैं स्थित स्टॉल लगाकर शहरवासियों एवं शोभायात्रा में सम्मिलित सभी के बीच गुड़, चना, पानी शरबत आदि का वितरण किया। वनवासी कल्याण केंद्र के सचिव अजय पंकज कुमार के नेतृत्व में किया गया। अभाविप के गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, ने कहा कि यह प्राकृतिक सौंदर्य का पर्व है इस पर्व को सभी मिल जुलकर शांतिपूर्वक मनाएं। आज इस पावन अवसर पर प्राकृतिक भी हमारा साथ दे रही है साथ ही वनवासी कल्याण केंद्र के जिला संगठन मंत्री राजेश्वर उरांव जी, विभाग संगठन मंत्री बादल तिवारी जी, जिला प्रमुख श्रीमती छवि सिंह,जिला छात्रा प्रमुख अंजना कुमारी, नगर मंत्री प्रीतम नायक, कॉलेज मंत्री आयुष कुमार महतो, प्लस टू कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, नगर उपाध्यक्ष जानवी गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, काजल साहू, आदित्य आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

### गरीब नवाज ट्रस्ट की ओर से सरहुल जुलूस का स्वागत



**लोहरदगा।** बड़े ही हर्षोल्लास से जिला सरहुल का जलूस अपने निर्धारित रूट से निकाली गई। जुलूस में बच्चे बच्चियां महिलाएं युवा कायदे से गीत नृत्य करते महात्मा गांधी पथ होते मुख्य सड़क की ओर गुजरते समय अंजुमन मार्केट फुलवारी के पास ख़्वाजा पहुची। वहाँ पर गरीब नवाज ट्रस्ट की ओर से जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर फूल माला साफा, चना, पानी, ठंडा, सभी जुलूस में गुजरते श्रद्धालुओं को दिया गया। बच्चों के बीच टाफी भी बांटा गया । जुलूस का स्वागत ख़्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के खालिद शाह, साजिद अंसारी, साहेब खलीफा, मो मनिरुद्दीन, मीर जफर, एस जूली, मो शफीक अंसारी, मो मेराज कैप्टन आदि मौजूद थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर ग्रामीणों के साथ पुलिस प्रशासन ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

रामनवमी और सरहुल पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस पदाधिकारी हरिऔध करमाली के द्वारा शुक्रवार को स्थानीय मुखिया सुमित्रा उराँव पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत एवं अन्य ग्रामीण की उपस्थिति में जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें जुलूस मार्ग तथा जुलूस के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियो पर विशेष रूप से चर्चा की गई। मौके पर उन्होंने बताया कि गांव में निकाले जाने वाले किसी भी प्रकार के धार्मिक जुलूस या शोभायात्रा की सूचना लिखित रूप से थाना को देना है। जिससे विधि व्यवस्था बनाए रखने में आसानी हो। जुलूस में हिंदू मुस्लिम आदि को सम्मिलित करते हुए वॉलिंटियर्स बनाएं, नशा का सेवन कर जुलूस में शामिल नहीं हो। नाबालिक



बच्चों को किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर जुलूस में शामिल नहीं होने दे। प्रतिबंधित हथियार आदि को लेकर भी किसी भी हालत में जुलूस में शामिल नहीं हो। पर्व के दौरान किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया में प्रसारित नहीं करे, अन्यथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भी भेजा जा सकता है। जुलूस के दौरान आपत्तिजनक नारा या गाना नहीं बजाने तथा जुलूस हमेशा अपने निर्धारित रास्ते से ही लाने ले जाने संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिए गए ।उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा रामनवमी एवं सरहुल पर्व को पारंपरिक तरीके से भाईचारे के माहौल में मनाने और किसी प्रकार की विधि व्यवस्था बिगड़ने पर पुलिस को भरपूर सहयोग करने की अपनी सहमति दी गई। बैठक को स्थानीय मुखिया सुमित्रा उरांव के अलावे अन्य लोगों ने भी संबोधित किया और लोगों से अपील किए कि हम लोगों को रामनवमी और सरहुल पर्व पूर्व के भांति मिलजुल कर मनाना है, कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे गांव और क्षेत्र की बदनामी हो। बैठक में मुखिया सुमित्रा उरांव पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, सनिया पहान ,जगन्नाथ यादव, कालीचरण साहू, आदित्य साहू, मुख्तार अंसारी, राजेश्वर भगत, विनोद साहू, राजेंद्र महतो आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# 18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।**

मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा 18 दिनों से चल रही गणगौर पूजा हर्षोल्लास के साथ आज संपन्न हुई। मारवाड़ी समाज की 51 महिलाओं के द्वारा अपने परंपरिक राजस्थानी वेशभूषा के साथ धूमधाम से,एक दूसरों को गुलाल लगाकर एवं अपनी लोकगीत गीत गाते हुए ठाकुरबाड़ी तलाब गुदरी बाजार लोहरदगा में गणगौर जी की प्रतिमा को विसर्जन की,यह गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन से अपने घरों पर कुंवारी लड़कियां अपने अच्छे मनचाहे वर की कामना को लेकर और नवविवाहित कन्या अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर अपने मायके में पहला गणगौर की पूजा अर्चना करती है,जो कि 18 (अट्ठारह) दिनों तक चलती है,और उसके उपरांत मारवाड़ी महिलाओं के द्वारा अपने प्रामपरिक तरीकों से धूमधाम से विसर्जन किया जाता है, यह उत्सव लगातार राजस्थान में 18 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है प्रीति केडिया एवं सीमा केडिया के द्वारा सबसे सुंदर एवं मनमोहक रूप से गणगौर जी को सजाया गया था जिन्हें सम्मानित रूप से सभी ने झूला पर बैठा कर झूला झुलाया, इस परंपरिक महागणगौर महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणगौर जी की विसर्जन कार्यक्रम पर शकुंतला राजगढ़िया, ममता बंका, कल्याणी पोद्दार, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, दीपा पोद्दार, मंजू मोदी, मीना बंका, मंजू पोद्दार, अंकिता बंका, दीप्ति शर्मा, रितु अग्रवाल आदि उपस्थित थी।

### वित्तीय साक्षरता डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन

# बैंक ने किया विभिन्न योजनाओं के प्रति ग्राहकों को जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

एसएलपीएस जलडेगा द्वारा जलडेगा पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को आरबीआई द्वारा दिए गए संदेश वित्तीय अनुशासन, चिंता मुक्त जीवन का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत की मुखिया बालमुनी लुगुन ने की। कार्यक्रम जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकुल खाखा, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, पंचायत सचिव इनोसेंट बा, बीसी सखी हीरामुनी गुड़िया, रोशन ठाकुर, दीपक बड़ाईक ने महिलाओं को वित्तीय जानकारी प्रदान की और उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होने कहा कि इस माध्यम से लोगों को डिजिटल जमा निकासी समेत बैंक द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं प्रति ग्राहकों को जागरूक करना है। जिससे वह जालसाजी एवं धोखाधड़ी से बच सके। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी दी गई। शिविर में महिलाओं को संबोधित करते हुए केसीसी ऋण, उसकी अदायगी व उद्यमिता विकास के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। बीपीएम मुकुल खाखा ने कहा कि हमेशा अधिकृत संस्थाओं से ही ऋण लें। जब भी कोई व्यक्ति ऋण लें तो अपनी देय मासिक किश्त और देय राशि का भुगतान समय से करें ताकि सिबिल स्कोर खराब न हो व आगे कभी भी बैंक से ऋण लेने में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि बैंक से ऋण लेने में सीबिल स्कोर की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीबिल एक तरह कि क्रेडिट इनफार्मेशन कंपनी है। कोई भी अधिकृत संस्थान आवेदक को लोन देने से पहले जोखिम का मूल्यांकन करने के लिए उसके क्रेडिट स्कोर की जांच करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसी बेलमती बोदरा, मुंगेश्वर साहु, आईपीआरपी वसुंधरा कुमारी, लाइवलीहुड सीआरपी संगीता कुमारी, बीएपी ललिता हेमरोम, एडमिन वीरेंद्र तीडू, बसंत लुगुन, बैंक सखी राधा देवी, ममता देवी, किरण देवी, मासेर्ला तिग्गा, पुष्पा देवी की सहयोग रहा।

### बढ़ाया मान | कोलेबिरा की बेटी ने पाई आईसीएमएआई में सफलता

# अंकिता कुमारी ने लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा की रहने वाली अंकिता एक मध्यमवर्गीय परिवार की जुझारू बच्ची इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया में पास कर सिमडेगा जिले का बढ़ाया मान। कोलेबिरा निवासी स्वर्गीय प्रदीप कश्यप की पुत्री अंकिता कुमारी ने अपने परिवार सहित पूरे जिले का मान बढ़ाया है। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें अंकिता कुमारी ने सफलता पाई है। अंकिता की मां रेनू देवी ग्रहणी है एवं उसकी दादी प्राथमिक विद्यालय भवर पहाड़ से सेवानिवृत शिक्षिका है। अंकिता की दादी ने जानकारी देते हुए कहा कि अंकिता शुरू से ही पढ़ने में अब्बल थी। अंकिता की प्रारंभिक शिक्षा संत जॉन स्कूल कोलेबिरा से हुई। दसवीं तक की पढ़ाई कोलेबिरा में करने के पश्चात 12वीं की पढ़ाई के लिए उर्सलाइन इंटरमीडिएट कॉलेज रांची चली गई। वही बीकॉम रांची विमेंस कॉलेज से की। अंकिता ने बताया कि यह परीक्षा तीन स्टेज में होती है जिसमे सीएमए फाउंडेशनः दिसंबर 2017 में सीएमए इंटरः जून 2019 में सीएमए फाइनलः दिसंबर 2022 में पास की। वही अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - व दादी के अलावे उन्होंने अपने गुरुजनों का भी आभार व्यक्त किया जिन के सानिध्य में रहकर उसने यह सफलता अर्जित की है अंकिता के इस सफलता पर कोलेबिरा वासियो ने उसे बधाइयां दी हैं । विदित हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, जिसे द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है , भारत में एक पेशेवर लेखा निकाय है। यह भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के स्वामित्व में है।

## कुडू के साप्ताहिक हाट से बाइक की चोरी

**कुडू।** कुडू के सप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी की घटना थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरुवार बाजार के दिन भी जामुन टोली निवासी रामदास मुंडा की ग्लैमर बाइक नंबर जेएच 08 एफ 6434 को अज्ञात अपराधकर्मियों ने गायब कर दिया। रामदास मुंडा ने बताया कि वह बाजार सब्जी खरीदने गया हुआ था। बाइक को बाजार में खड़ा कर हेंडिल लॉक कर सब्जी खरीद लगभग आधे घंटे बाद पहुचा। जहां बाइक खड़ी थी वहां आया तो बाइक गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला तो भुक्तभोगी ने इसकी सूचना पुलिस थाना को दी है।

# हादसा : 3 लोग घायल, एक की इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंर्जुनढोंढा के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए जिसमे एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष पातर बोलबा किलेसेरा मांझीटोली निवासी है। जबकि घायल युवक विद्याधर सिंह एवं प्रिन्स बड़ाईक सलडेगा निवासी बताये गए। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक सलडेगा से अपने घर बोलबा की ओर एक ही मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इस दौरान अंर्जुनढोंढा पुलिया के पास अनियंत्रित होकर गिर पड़े। गिरने की वजह से मनीष के अंदरूनी हिस्से में चोट लगी और बेहोश हो गया तो वही विद्याधर सिंह को हाथ एवं सीने में चोट लगीं। घायलों को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा मनीष को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक मनीष एवं अन्य घायलों के परिजन सदर अस्पताल सिमडेगा पहुचे जहां पर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# अडाणी के बाद हिंडनबर्ग के निशाने पर अमेरिकी कंपनी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका की शॉर्टसेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप के बाद अब ट्विटर के को-फाउंडर जैक डॉर्सी की कंपनी 'ब्लॉक क्ल्लू' के खिलाफ गुरुवार (23 मार्च) को एक रिपोर्ट जारी की है। हिंडनबर्ग ने इस रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि डॉर्सी की पेमेंट कंपनी ब्लॉक इंक ने अपने कंज्यूमर्स और सरकार के साथ फ्रॉड किया है। हिंडनबर्ग ने 2 साल की इन्वेस्टिगेशन के बाद ये रिपोर्ट पब्लिश की है। रिपोर्ट में ये कहा गया है कि कोरोना महामारी के दौरान फ्रॉड के कारण ब्लॉक के शेयरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी देखी गई। इसके बाद जैक डॉर्सी और टॉप एग्जीक्यूटिव जेम्स मैककेल्वे ने कलेक्टिवली 1 बिलियन डॉलर यानी करीब 8 हजार करोड़ रुपए के शेयर के स्टॉक बेच दिए।वहीं हिंडनबर्ग ने कहा, ब्लॉक इंक जिन लोगों की मदद करने का दावा करती है, कंपनी ने सिस्टमैटिक रूप से उन्हीं लोगों का फायदा उठाया है। ब्लॉक इंक ने अपने यूजर्स की संख्या भी बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई है। कंपनी ने एक्टिव यूजर्स का मेट्रिक्स फर्जी अकाउंट्स से भर दिया। साथ ही कंपनी ने ऐप पर यूजर्स लाने में किए गए खर्च को काफी कम करके बताया है। हिंडनबर्ग ने कहा कि उसने ब्लॉक के शेयरों में शॉर्ट-पोजिशन ले रखी है, यानी उसने कंपनी के शेयरों में गिरावट पर दांव लगाया है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद ब्लॉक इंक के शेयर में करीब 15% की गिरावट देखने को मिली है। हिंडनबर्ग ने कहा, केवल फंडामेंटल बेसिस पर, हम ब्लॉक के शेयरों में 65% से 75% के बीच गिरावट देखते हैं। शेयरों में गिरावट के कारण डॉर्सी की नेटवर्थ में 52.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 4 हजार करोड़ रुपए की गिरावट आई है, जो मई के बाद से एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। ब्लूमबर्ग इंडेक्स के अनुसार, 11% की गिरावट के बाद अब उनकी नेटवर्थ 4.4 बिलियन डॉलर है।

# ओरेकल ने नए जावा 20 प्रोग्रामिंग लैंग्वेज एंड डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म की उपलब्धता की घोषणा की

**नई दिल्ली।** क्लाउड प्रमुख ओरेकल ने शुक्रवार को जावा 20 प्रोग्रामिंग लैंग्वेज और डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म की उपलब्धता की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि जावा 20 (ओरेकल जेडीके 20) प्लेटफॉर्म संवर्धन सहित हजारों प्रदर्शन, स्थिरता और सुरक्षा सुधार प्रदान करता है, जो डेवलपर्स को उत्पादकता में सुधार करने और उनके संगठनों में नवाचार और विकास को चलाने में मदद करेगा। ओरेकल इंडिया के वरिष्ठ सॉफ्टवेयर




विकास निदेशक प्रसाद सुब्रमण्यन ने एक बयान में कहा, ₹जावा 20 की लेटेस्ट घोषणा उसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है क्योंकि हम अपने अत्यधिक प्रदर्शन के वादे को पूरा करना जारी रखते हैं। कई दशक पहले इसकी शुरूआत के बाद से, जावा विश्व स्तर और विशेष रूप से भारत में कई संगठनों में विकास का एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक साबित हुआ है, जावा पर निर्भरता स्पष्ट है।₹ इसके अलावा, कंपनी ने उल्लेख किया कि लेटेस्ट जावा डेवलपमेंट किट (जेडीके) सात जेडीके एन्हेंसमेंट प्रोपोजल्स प्रस्तावों (जेईपी) के साथ अपडेट्स और सुधार प्रदान करता है।

### सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत

# नई पेंशन स्कीम का रिव्यू करेगी सरकार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लागू करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर आई है। सरकार नई पेंशन स्कीम का जल्द ही रिव्यू करेगी। शुक्रवार (24 मार्च) को संसद में फाइनेंस बिल पेश करने के दौरान फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने यह बात कही है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि फाइनेंस सेक्रेटरी की लीडरशिप में एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी नई पेंशन स्कीम का रिव्यू करेगी। लोकसभा में आज फाइनेंस मिनिस्टर ने फाइनेंस बिल पेश किया है। हंगामे के बीच ही फाइनेंस बिल 2023 पर वोटिंग हुई। लोकसभा में फाइनेंस बिल को पास करा लिया गया है। सरकारी कर्मचारियों को साल 2004 से पहले पुरानी पेंशन स्कीम के तहत रिटायरमेंट के बाद एक तय पेंशन मिलती थी। यह पेंशन रिटायरमेंट के समय कर्मचारी की सैलरी पर आधारित होती थी। इस स्कीम में रिटायर्ड कर्मचारी की मौत के बाद उसके फैमिली मेंबर्स को भी पेंशन मिलने का नियम था। हालांकि, अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया था और इसकी जगह नई पेंशन स्कीम लागू हुई थी। बाद में राज्यों ने भी नई पेंशन स्कीम को लागू कर दिया।

# शेयर बाजार में मामूली गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार आज दबाव में कारोबार करता नजर आ रहा है। बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत मामूली गिरावट के साथ सपाट स्तर पर की थी। शुरूआती कारोबार में बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी नजर आई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। पहले 1 घंटे के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस,




डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, टीसीएस, अपोलो हॉस्पिटल और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयरों में 1.39 प्रतिशत से लेकर 0.81 प्रतिशत तक की तेजी नजर आ रही थी। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.90 प्रतिशत से लेकर 1.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,905 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 884 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,021 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 34.62 अंक की कमजोरी के साथ 57,890.66 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की।

## केनरा बैंक ने रूस ज्वाइंट वेंचर में एसबीआई को बेची हिस्सेदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फाइलिंग में केनरा बैंक ने कहा कि इस पूरी डील के लिए 121.29 करोड़ रुपये मिले हैं। पीटीआई के रिपोर्ट के मुताबिक, केनरा बैंक की हिस्सेदारी एसबीआई बैंक को कुल हिस्सेदारी बेचने की घोषणा जनवरी के दौरान की गई थी, जबकि एग्रीमेंट के मुताबिक, केनरा बैंक की पूरी हिस्सेदारी एसबीआई को ट्रांसफर 11 नंबवर 2022 को कर दिए गए हैं। सभी शेयर रूस के सेंट्रल बैंक की सहमति पर जारी किए गए हैं। मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ बड़ौदा , केनरा बैंक और पंजाब नेशन बैंक के लॉन्ग टर्म रजिडेंश और विदेशी मुद्रा बैंक जमा रेटिंग को भी अपग्रेड किया है। रेटिंग फर्म ने भारतीय स्टेट बैंक की दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा बैंक जमा रेटिंग को भी बीएए3 कैटेगरी में रखा है। पब्लिक सेक्टर के कर्जदाता ने इस साल 12 मार्च से होम लोन रेट्स और अन्य कर्ज रेट में भी बढ़ोतरी की है। एमसीएलआर को केनरा बैंक ने 45




बीपीएस तक बढ़ाया है और अब ये रेट्स 7.55 फीसदी से लेकर 8.60 फीसदी तक कर दिया गया है।

# सैमसंग गैलेक्सी एफ14 5जी स्मार्टफोन भारत में लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग ने भारत में सैमसंग गैलेक्सी एफ14 5जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने एफ-सीरीज के स्मार्टफोन में 13-बैंड 5जी सपोर्ट के साथ 5एनएम का सेग्मेंट फर्स्ट प्रोसेसर और 6000एमएएच की बड़ी बैटरी दी है। इस हैंडसेट को कंपनी के पुराने गैलेक्सी ए13 के अपग्रेडेड वर्जन के तौर दो वैरिएंट में लॉन्च किया है। इसके 4जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज की कीमत 12,990 रुपए और 6जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज की कीमत 14,990 रुपए रखी है। ये इंट्रोडक्टरी प्राइस हैं। फोन की




बिक्री 30 मार्च दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। बायर्स इसे फ्लिपकार्ट और सैमसंग की ऑफिशियल वेबसाइट और रिटेल स्टोर से भी खरीद सकेंगे।

# अगले महीने से 50 हजार रुपए तक महंगी होंगी कारें

**मुंबई।** अगले महीने से कार खरीदना महंगा हो जाएगा। ऑटो इंडस्ट्री ने इर-6 के सेकेंड फेज के कड़े एमिशन नॉर्म्स के मुताबिक गाड़ियां बनाना शुरू कर दी हैं। इससे कंपनियों की प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ गई है। इसके चलते कंपनियों ने एक अप्रैल से कारों के दाम 2-5% बढ़ाने का ऐलान किया है। मॉडल और इंजन क्षमता के हिसाब से कारों की कीमतें 10-50 हजार रुपए बढ़ जाएंगी। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, होंडा कार्स, किआ इंडिया और एमजी मोटर इंडिया जैसी कंपनियां अगले महीने से दाम बढ़ाने जा रही हैं। होंडा कार्स इंडिया भी 1 अप्रैल से एंट्री लेवल की कॉम्पैक्ट सेडान अमेज के दाम 12,000 रुपए तक बढ़ाएगी।

## विदेश

**NEWS इन ब्रीफ**

### नेपाल में महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों से अधिक

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आज (शुक्रवार) जनगणना रिपोर्ट-2021 जारी कर दी। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने जनगणना के परिणामों की घोषणा की। इस रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल में महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों से अधिक है। सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक साल-2011 में देश की कुल जनसंख्या 2,91,54,578 में 1 करोड़ 42 लाख 53 हजार 551 पुरुष और एक करोड़ 49 लाख 11 हजार 27 महिलाएं हैं। पुरुष प्रतिशत 48.98 और महिला प्रतिशत 51.02 है। लिंगानुपात की दृष्टि से 100 महिलाओं पर 95.51 पुरुष हैं। अन्य जेंडर की जनसंख्या 2,928 है।

### ब्रिटेन में चीन के टिक टॉक पर शिकंजा

**लंदन।** ब्रिटेन में चीन के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया ऐप टिक टॉक पर शिकंजा कसने लगा है। नए प्रतिबंधों में इसे संसदीय उपकरणों और नेटवर्क से ब्लॉक करने का फैसला किया गया है। सरकार के इस फैसले पर हाउस ऑफ कॉमंस और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के आयोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों ने घोषणा की है कि साइबर सुरक्षा जरूरी है। इसलिए आधिकारिक उपकरणों से इसे बाहर यानी ब्लॉक कर दिया जाएगा।

### अजय बंगा कोरोना से संक्रमित पाए गए

**वाशिंगटन।** विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अमेरिका की ओर से नामित अजय बंगा दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह जानकारी दी है। बंगा विश्व के अलग-अलग देशों की यात्रा के आखिरी चरण में भारत की राजधानी में हैं। संक्रमित पाए जाने के बाद से वह पृथक-वास में हैं।

### फ्रांस में पेंशन बिल के विरोध में हिंसा

# बस स्टॉप-दुकानों में तोड़फोड़ 35 लाख लोग सड़क पर उतरे

**एजेंसी। पेरिस**

फ्रांस में पेंशन रिफॉर्म बिल के खिलाफ गुरुवार को अलग-अलग शहरों में 200 से ज्यादा प्रदर्शन हुए। करीब 35 लाख लोग मैक्रों सरकार के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे। राजधानी पेरिस में करीब 8 लाख लोगों ने मार्च निकाला। देर रात कई प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। बोर्डो शहर में गुस्साए लोगों ने सिटी हॉल के मेन गेट पर आग लगा दी। यूनियन की तरफ से प्रदर्शन कर रहे लोगों के हाथ में झंडे, पोस्टर और बैनर थे। इस पर पेंशन बिल और मैक्रों विरोधी नारे लिखे हुए थे। रिटायरमेंट उम्र 62 से बढ़ाकर 64 करने के विरोध में चल रहे प्रदर्शन के दौरान ज्यादातर शहरों में स्कूल और कॉलेज बंद रहे। कुछ शहरों में प्रदर्शन कर रहे



लोगों ने बस स्टॉप, होर्डिंग, दुकान की खिड़कियों और न्यूजपेपर स्टॉल्स पर तोड़फोड़ भी की। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डारमैनिन ने बताया कि झड़प में करीब 441 पुलिसकर्मी घायल हुए। वहीं प्रदर्शनकारियों में से करीब 457 लोगों को हिरासत में लिया गया। इससे पहले 22 मार्च को दिए एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था- मुझे इस बिल का कोई अफसोस नहीं है। हम देश हित के लिए जरूरी है। प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगी। मुझे सिर्फ एक बात का दुख है कि मैं फ्रांस के लोगों को इस बिल की जरूरत नहीं समझा पाया।

### पीटीआई के सोशल मीडिया प्रमुख को किया गया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर के खिलाफ अभियान चलाने के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए पूर्व पीएम इमरान की पार्टी पीटीआई के सोशल मीडिया हेड को गिरफ्तार कर लिया। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने खुफिया एजेंसियों और पुलिस के सहयोग से जनरल मुनीर के खिलाफ एक ऑनलाइन अभियान के बाद उन सोशल मीडिया कार्यकताओं, विशेष रूप से खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। पीटीआई के राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर एक और कार्रवाई में पुलिस ने अब तक 740 को ज्यादातर लाहौर और इस्लामाबाद से गिरफ्तार किया है, जहां तोशखाना उपहार मामले में इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों की कोशिश में पिछले हफ्ते पीटीआई-पुलिस की झड़प हुई थी।

### अमेरिका कोर्ट में हुई सुनवाई

# भारतीय नागरिक को 188 माह जेल की सजा



**एजेंसी। वाशिंगटन**

बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने के मामले में एक भारतीय नागरिक को अमेरिका की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषी ठहराए गए व्यक्ति को 188 माह जेल की सजा सुनाई है। मूल रूप से भारत के गोवा का निवासी 34 वर्षीय एंजेलो विक्टर फर्नांडेज अमेरिका के एक क्रूज शिप का कर्मचारी है। अमेरिकी न्याय विभाग की जानकारी के अनुसार एंजेलो पर बच्चों के यौन शोषण से संबंधित सामग्री को बांटने का आरोप सिद्ध हुआ है। अमेरिका के न्याय विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोप है कि एंजेलो ने वर्ष 2022 में डेनियल स्कॉट क्रो नामक व्यक्ति को बच्चों के यौन शोषण से संबंधित 13 वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे थे। साथ ही उसने अपने संदेश में ये भी कहा था कि वह क्रूज शिप पर यात्रा के दौरान बच्चों के यौन शोषण का भी इंतजाम कर देगा। ये संदेश ही एंजेलो के खिलाफ अहम सबूत साबित हुए।

### अमेरिकी सेना पर ड्रोन से हमले में एक की मौत, पांच घायल


**वाशिंगटन।** ईरान ने पूर्वोत्तर सीरिया के रखरखाव सुविधा बेस पर ड्रोन अटैक किया है। गुरुवार को हुए इस हमले में एक अमेरिकी कॉन्ट्रैक्टर की मौत हो गई है। हमले में पांच अमेरिकी सैनिक और अन्य अमेरिकी कॉन्ट्रैक्टर घायल भी हुए हैं। पेंटागन ने इसकी जानकारी दी है। रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े समूहों द्वारा किए गए हमलों पर जवाबी कार्रवाई की है। ईरान को सटीक हवाई हमलों के साथ जवाब दिया गया है। रक्षा विभाग ने बताया कि खुफिया अधिकारियों को पता चला कि मानव रहित ड्रोन ईरान का था। ऑस्टिन ने कहा कि हवाई हमले सीरिया में गठबंधन सेना के खिलाफ हुए हालिया हमलों की प्रतिक्रिया में किए गए थे। ऑस्टिन ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर जवाबी हमले का आदेश दिया। ऑस्टिन ने कहा, जैसा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है।

**नया तरीका** | कंप्यूटर में लगाते ही हो जाता है धमाका

# इक्वोडर में पत्रकारों को भेजे जा रहे पेनड्राइव बम

**एजेंसी। क्यूटो**

साउथ अमेरिका के देश इक्वाडोर में पत्रकारों को विस्फोटक पेनड्राइव भेजी जा रही हैं। पत्रकार जैसे ही पेनड्राइव को अपने लैपटॉप या डेस्कटॉप में लगाते हैं, वो फट जाती है। इक्वाडोर में 5 से ज्यादा पत्रकारों को ये पेनड्राइव भेजी गई हैं। 20 मार्च को इक्वाडोर के स्थानीय टीवी चैनल इक्वाविसा के ऑफिस में एक धमाका हुआ था। जांच हुई तो पता चला कि एक पत्रकार लेनिन आर्टिएडा को ये पेनड्राइव भेजी गई थी। उसने जैसे ही इसे अपने लैपटॉप में लगाया, धमाका हो गया। धमाके में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जर्नलिस्ट लेनिन आर्टिएडा क्राइम और करप्शन से जुड़ी इन्वेस्टिगेटिव खबरों के लिए जाने जाते हैं। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध की पहचान की है। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी से जुड़ी जानकारी साझा नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक, हमले का ऐसा तरीका पहली बार देखा गया है। इक्वाविसा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पेनड्राइव के अंदर एक कैप्सूल था, जिसमें फ्ळ भरा हुआ था। धमाके के दौरान पेनड्राइव में मौजूद आधा फ्ळ ही फटा था। अगर पूरा फ्ळ फटा होता तो धमाका कहीं ज्यादा बड़ा होता। माना जा रहा है कि कम्प्यूटर में पेनड्राइव लगाने पर फ्ळ को इलेक्ट्रिक चार्ज मिल गया। इससे वो एक्टिवेट होकर फट गया। फंडामीडियोज ठऋ्ड के मुताबिक, ळउ, रेडियो एक्सा और टेलीयामाजोनस नाम के 3 और चैनल के पत्रकारों को विस्फोटक पेनड्राइव मिली थी। उन्होंने भी पेनड्राइव कम्प्यूटर में लगाई लेकिन वो नहीं फटी। पुलिस ने कहा कि ये पेनड्राइव कम्प्यूटर की बजाय अडाप्टर में लगाई गई थीं। इससे फ्ळ को पर्याप्त इलेक्ट्रिक चार्ज नहीं मिल पाया और धमाका नहीं हुआ।जांच कर रहे अधिकारियों ने बताया कि टेलीयामाजोनस चैनल के जर्नरिस्ट मिल्टन पेरेज को पैकेज में पेनड्राइव के साथ एक नोट भी मिला। इसमें लिखा था- पेनड्राइव में मौजूद जानकारी इक्वाडोर के पॉलिटिकल




मूवमेंट कोरिज्मो के बारे में बड़ा खुलासा करेगी। अगर ये आपको जानकारी आपके काम की है तो हम इस पर आगे बात कर सकते हैं। मैं आपसे दोबारा संपर्क करूंगा। ये पैकेज इक्वाडोर के लॉस रियाज शहर से आया था। ब तक इस तरह की 5 पेनड्राइव भेजी गई हैं। इनमें

# नॉर्थ कोरिया ने टेस्ट किया अंडर-वाटर न्यूक्लियर ड्रोन

**एजेंसी। सोल**

उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह के शुरू में पानी के भीतर परमाणु हथियार का परीक्षण किया, जो रेडियोधर्मी सूनामी पैदा करने में सक्षम था। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अलग से, उत्तर ने एक परमाणु वारहेड का अनुकरण करने वाले परीक्षण वारहेड के साथ मिसाइलों का उपयोग करके एक क्रूज मिसाइल ड्रिल भी आयोजित की। प्योंगयांग की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने एक रिपोर्ट में यह बात कही। उत्तर की सत्तारूढ़ वक र्स पार्टी (डब्ल्यूपीके) के केंद्रीय सैन्य आयोग ने 21 मार्च से 23 मार्च तक दुश्मन को वास्तविक परमाणु संकट के प्रति सचेत करने और आत्मरक्षा के लिए परमाणु बल की



विश्वसनीयता को सत्यापित करने के लिए अभ्यास का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अंडरवाटर न्यूक्लियर अटैक ड्रोन को मंगलवार को रिवॉन काउंटी, साउथ हैमयोंग प्रांत के तट पर तैनात किया गया था और गुरुवार दोपहर पानी के भीतर विस्फोट करने वाले परीक्षण वारहेड के साथ एक मॉक एनिमी पोर्ट के रूप में स्थापित होंगवोन बे के पानी में टारगेट प्वाइंट पर पहुंच गया।

**ज्ञान की बात**

**कर्म तो प्रकृति ही करती है । मधुमक्खी आदि पुष्पों से रस से मधु बनाती है , तो तुम समझते हो कि वह उसके वश का काम है ? वह अपनी इच्छा से कर रही हैं मधु संचय ? गाय अपनी इच्छा से ,अपने सामर्थ्य से घास को दूध में परिणत कर लेती है? तुम अपने भोजन पर नियंत्रण कर अपनी इच्छानुसार उसका रक्त मल अथवा मांस बना सकते हो? नहीं। ये सब प्रकृति करती है। - *ठाकुरजी***



# विवश मां व अवसरवादिता

***विवशता*** और गरीबी के कारण किसी मां का अपने संतान को बेचा जाना मानवता के नाम पर एक कलंक है। चतरा में एक मां ने अपने नवजात को चंद पैसे के लालच में बेच दी। यह घटना के पीछे की कहानी है कि महिला की आर्थिक स्थिति एकदम खराब थी। हालांकि छापेमारी में नवजात को बरामद कर लिया गया है। नवजात को बेचने वाली मां,सहिया और दाई को गिरफ़्तार कर लिया गया है। खरीदने वाले दंपती से भी पूछताछ जारी है। इस संदर्भ में जो बातें सामने आयी हैं,वह यह कि पैसे के लालच में इस नवजात का सौदा किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि सहिया एक स्वास्थ्यकर्मी होती है। उसे सरकार से पैसे भी मिलते हैं। प्रसव के दौरान मिलने वाले धन से उसका पेट नहीं भरा। लाखों की सौदेबाजी और प्रलोभन देकर उसने जो कृत्य किये हैं, वह माफी के योग्य नहीं हैं। ऐसे कई मामले सामने आते रहते हैं। अभी पलामू में भी ऐसी घटना घट चुकी है। इस स्थिति में सरकारी योजनाओं एवं प्रावधानों के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। गोद लेने की प्रक्रिया को भी लोगों की सहूलियत के मुताबिक सरल बनाने की जरूरत है। बहरहाल मां बनी कुमाता को पहले से तीन बच्चे थे। उसे और संतान की जरूरत नहीं थी। दूसरी तरफ गरीबी ने उसे तोड़ दिया था। उसका फायदा प्रलोभन देकर किया गया। ऐसे में हम कह सकते हैं कि यह पूरी घटना मानवता पर एक प्रश्न चिन्ह है। समाज में कहीं भी इस तरह की घटनायें घटती हैं तो पूरी मानवता कलंकित होती है। एक और घटना की ओर देखा जाये तो गिरिडीह जिले में पिछले दिनों एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापामारी के दौरान चार दिन के एक नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नवजात की मौत एक पुलिसकर्मी के बूट के नीचे दबकर हुई है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा है। वहीं, घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य पुलिस मुख्यालय को घटना की जांच कर रिपोर्ट देने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। घटना गिरिडीह जिले के देवरी थाना अंतर्गत कोशोगोंदोदिघी गांव की है। बताया गया कि देवरी के थाना प्रभारी की अगुवाई में एक पुलिस टीम अहले सुबह एक वारंटी को गिरफ्तार करने उसके घर पर छापामारी करने पहुंची थी। दरवाजे पर दस्तक देने के बाद जब घरवालों ने दरवाजा नहीं खोला तो पुलिस की टीम किसी तरह जबरन अंदर दाखिल हुई। एक पुलिसकर्मी घर में रखे बिस्तर पर चढ़ गया। इसी दौरान उसके बूट से दबकर बिस्तर पर सोए चार दिन के नवजात की मौत हो गई। ऐसे में सवाल उठता है कि कोई पुलिस वाला ऐसी लापरवाही कैसे बरत सकता है। हड़बड़ी में यह गड़बड़ी यह बताने के लिए काफी है कि हमारी संवेदनायें मर गयी हैं। तभी तो महज चार दिन के नवजात बच्चे के साथ इस तरह की घटना घटी। हालांकि इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उक्त पुलिस कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। इतने बड़े गुनाह की सजा क्या यह काफी है? बहरहाल हम कह सकते हैं कि आज का आदमी इतना स्वार्थी और गैरजिम्मेवार हो गया है कि उसे अच्छे बुरे की समझ समाप्त हो गयी है। यह दो घटनायें किसी भी आदमी को झकझोर कर रख देता है। पहली घटना नवजात का बेचा जाना तो दूसरी ओर बूटों से चार दिन के बच्चे को मसल दिया जाना,यह दर्शाता है कि हमारी संवेदनायें एकदम से मर गयी हैं।

**इस संदर्भ में जो बातें सामने आयी हैं,वह यह कि पैसे के लालच में इस नवजात का सौदा किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि सहिया एक स्वास्थ्यकर्मी होती है। उसे सरकार से पैसे भी मिलते हैं।**

# सवालों के घेरे में हैं खुशहाल देशों की रैंकिंग





ललित गर्ग

***साल*** 2023 के लिए 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' जारी कर दिया गया है, जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि तीन अंकों का सुधार करके भारत इसमें 136वें स्थान पर पहुंचा है, जो आश्चर्यकारी है। इस सूची को जारी करने में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह दिखाई देता है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान 103वें स्थान पर है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि शीर्ष 20 देशों की सूची में एशिया का एक भी देश शामिल नहीं है। कुछ ऐसी ही विडंबनाएं एवं विसंगतियां भी हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। चीन में लोगों को धार्मिक-आर्थिक आजादी भी सही ढंग से नहीं मिली है, पर वह 82वें स्थान पर है। नेपाल 85वें, तो बांग्लादेश 99वें स्थान पर है। आर्थिक रूप से बदहाल श्रीलंका 126वें स्थान पर है। ऐसे में, भारत की 136वीं रैंकिंग किसी को अचंभित कर सकती है, इस आकलन की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े कर सकती है। हैप्पीनेस इंडेक्स में किसी देश की स्थिति जानने के लिए उसकी जीडीपी, वहां जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा का देखा जाता है। इस साल में रैंकिंग में 150 से ज्यादा देशों के इन डाटा का अध्ययन करने के बाद सूची तैयार की गई है। इस बार 2020 से 2022 तक देशों के औसत जीवन मूल्यांकन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। दो अन्य मोर्चों पर खुशहाली को मापने की कोशिश हुई है जिसमें भारत की इतनी बुरी हालात को नहीं दर्शाया गया है। फिर भी एक बड़ा सवाल है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। वैसे इस सूचकांक के अलावा भी जो दो अन्य सर्वे जारी हुए हैं, जिनमें एक कंसल्टिंग फर्म हैप्पीप्लस की 'द स्टेट ऑफ हैप्पीनेस 2023' रिपोर्ट के अनुसार, देश में करीब 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 2022 में नकारात्मकता और दुख का अनुभव किया है, यानी 65 प्रतिशत भारतीय लोग अपेक्षाकृत खुश हैं। यह रिपोर्ट 36 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों के 14 हजार लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर तैयार की गई है। एक अन्य सर्वे भी है, जिसके अनुसार, भारत में कम से कम 84 प्रतिशत लोगों ने खुश होने का दावा किया है। जीवन संतुष्टि पर आधारित यह 'इप्सोस ग्लोबल हैप्पीनेस सर्वे' बताता है कि दुनिया भर में 73 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। वैसे दुख या खुशी एक ऐसी अवस्था है, जिस पर किसी सर्वे के जरिये एकमत नहीं हुआ जा सकता। फिर भी, ऐसी सूचियों से सकारात्मक प्रेरणा लेते हुए प्रसन्न समाज की संरचना के लिये तमाम तरह के प्रयास करने में ही भलाई है। खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल जीवन जी सकता है? इन गहन अंधेरों से बाहर निकलते हुए विगत एक दशक में सरकारों के कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद झलका है, कोरोना महामारी से निपटने में भी वर्तमान सरकारों की सकारात्मक भूमिका रही है। इसी से एक और खास बात सामने आयी है वह यह है कि तीन साल की महामारी का समग्रता में भारत की खुशी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 136वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 55 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। खुश देशों की सूची में दूसरे स्थान रहे डेनामार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं, तीसरे स्थान पर रहे देश आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख लोग होते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है। खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं कंकाली दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश।

**चीन में लोगों को धार्मिक-आर्थिक आजादी भी सही ढंग से नहीं मिली है, पर वह 82वें स्थान पर है। नेपाल 85वें, तो बांग्लादेश 99वें स्थान पर है। आर्थिक रूप से बदहाल श्रीलंका 126वें स्थान पर है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें महाभारत की कथा*

कालान्तर में पाण्डु ने कुन्ती को पुनः दो बार वायुदेव तथा इन्द्रदेव को आमन्त्रित करने की आज्ञा दी। वायुदेव से भीम तथा इन्द्र से अर्जुन की उत्पत्ति हुई। तत्पश्चात पाण्डु की आज्ञा से कुन्ती ने माद्री को उस मन्त्र की दीक्षा दी। माद्री ने अश्वनीकुमारों को आमन्त्रित किया और नकुल तथा सहदेव का जन्म हुआ। एक दिन राजा पाण्डु माद्री के साथ वन में सरिता के तट पर भ्रमण कर रहे थे। वातावरण अत्यन्त रमणीक था और शीतल-मन्द-सुगन्धित वायु चल रही थी। सहसा वायु के झोंके से माद्री का वस्त्र उड़ गया। इससे पाण्डु का मन चंचल हो उठा और वे मैथुन में प्रवृत हुये ही थे कि शापवश उनकी मृत्यु हो गई। माद्री उनके साथ सती हो गई किन्तु पुत्रों के पालन-पोषण के लिये कुन्ती हस्तिनापुर लौट आई। वहाँ रहने वाले ऋषि मुनि पाण्ड्वो को राजमहल छोड़ कर आ गये, ऋषि मुनि तथा कुन्ती के कहने पर सभी ने पाण्ड्वो को पाण्डु का पुत्र मान लिया और उनका स्वागत किया।

द्रोणाचार्य उस समय कुरु राजकुमारों को शिक्षा दिया करते थे। उन्होने कर्ण को शिक्षा देने से मना कर दिया क्योंकि कर्ण एक सारथी पुत्र था और द्रोण केवल क्षत्रियों को ही शिक्षा दिया करते थे। द्रोणाचार्य की असम्मति के उपरान्त कर्ण ने परशुराम से सम्पर्क किया जो कि केवल ब्राह्मणों को ही शिक्षा दिया करते थे। कर्ण ने स्वयं को ब्राह्मण बताकर परशुराम से शिक्षा का आग्रह किया। परशुराम ने कर्ण का आग्रह स्वीकार किया और कर्ण को अपने समान ही युद्धकला और धनुर्विद्या में निष्णात किया। इस प्रकार कर्ण परशुराम का एक अत्यंत परिश्रमी और निपुण शिष्य बना। कर्ण दुर्योधन के आश्रय में रहता था। दैवयोग तथा शकुनि के छल कपट से कौरवों और पाण्डवों में वैर की आग प्रज्वलित हो उठी। दुर्योधन बड़ी खोटी बुद्धि का मनुष्य था। उसने शकुनि के कहने पर पाण्ड्वो को बचपन में कई बार मारने का प्रयत्न किया।

*(क्रमशः)*

# खलिस्तान समर्थकों पर आक्रमकता जरूरी



डॉ. अनिल कुमार निगम

***सात*** समंदर पार खालिस्तान समर्थित समूहों की बढ़ती गतिविधियां भारत की एकता, अखंडता और शांति व्यवस्था के लिए संकट बनती जा रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन के बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान समर्थित इन खालिस्तान समूहों ने भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। हालांकि दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम-2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है। विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आ चुका है। खालिस्तानी समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर तिरंगा का अपमान भी करते हैं। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिल चुका है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। खालिस्तानियों ने इन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऐसी घटनाएं भारत के लिए तो चिंताजनक हैं ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। ज्ञात हुआ है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिये पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है। वास्तविकता तो यह है कि लगभग एक साल से खालिस्तान आंदोलन फिर से चर्चा में आ गया है। पंजाब ने आतंकवाद का अत्यंत डरावना और काला दौर देखा है। वर्ष 1980 और 90 के दशक में पंजाब का प्रशासन और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था।


**ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह देश की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है।**

**देश-दुनिया**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**




**फेसबुक वॉल से**

**दो तरह के दोस्त होते हैं:
एक, सिर्फ फोन कॉल दोस्त; लेकिन मुलाकात के डर से बहाने की झड़ी लगा देता है।
मगर दूसरा, जो फोन कॉल बहुत कम करता है लेकिन स्वागत दिल से करता है ।**

# राहुल गांधी को सजा सरकार ने नहीं अदालत ने सुनाई है



नीरज कुमार दुबे

***दशकों*** तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है। कांग्रेस को समझ क्यों नहीं आ रहा है कि सजा मोदी सरकार ने नहीं सूरत की एक कोर्ट ने सुनाई है। क्या आपने कभी देखा है कि अदालत अगर किसी व्यक्ति को किसी मामले में दोषी पाते हुए उसे सजा सुना दे तो दोषी व्यक्ति या उसका समुदाय सड़कों पर हंगामा करने लगे, क्या आपने कभी देखा है कि यदि कोई जाँच एजेंसी या पुलिस किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाये या जाँच एजेंसी किसी के पास पूछताछ के लिए जाये तो वह व्यक्ति या उसका परिवार सड़क पर हंगामा करने लगता है? नहीं ना। जब देश का आम व्यक्ति कानून का पालन करता है। नोटिस मिलने पर जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर होता है। सजा सुनाये जाने पर जेल जाता है या उस फैसले को चुनौती देता है तो वीआईपी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं करता? देश में दशकों तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है। कांग्रेस को समझ क्यों नहीं आ रहा है कि सजा मोदी सरकार ने नहीं सूरत की एक कोर्ट ने सुनाई है। यही नहीं, जब नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पटियाला हाउस कोर्ट जाना पड़ा था तब भी कांग्रेस ने ड्रामा कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह समेत पार्टी के आला नेताओं का सड़कों पर मार्च करा दिया था। सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया तो कांग्रेसियों ने सड़कों पर जमकर हंगामा काटा। आज जिस तरह से कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेता मार्च निकालते हुए विजय चौक तक पहुँचे और राष्ट्रपति से मुलाकात तथा आगामी विरोध प्रदर्शन कार्यक्रमों का ऐलान करते हुए मोदी सरकार को कोसा उससे सवाल उठता है कि क्यों कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश के कानून से ऊपर मानते हैं। जब दो साल की सजा सुनाये जाने पर कई अन्य सांसदों और विधायकों को संबंधित सदनों की सदस्यता गंवानी पड़ी तो राहुल गांधी को क्यों छूट मिलनी चाहिए? दूसरी ओर, मोदी उपनाम के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस ने कह दिया कि हमें पहले से पता था यही होगा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी की आवाज दबाने की साजिश हो रही है। क्या कांग्रेस को पता नहीं है कि अदालतों में साजिश नहीं होती बल्कि सुबूतों के आधार पर फैसला सुनाया जाता है। अभी दो दिन पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी मामले में जो जांच कमेटी बनाई है वह क्लीन चिट कमेटी है। क्या कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट पर भी विश्वास नहीं है? कांग्रेस नेता जिस तरह भारत के लोकतंत्र, भारत की संसद, जांच एजेंसियों, न्यायपालिका, संवैधानिक संस्थानों और मीडिया पर सवाल उठा कर उन्हें संदेह के घेरे में लाना चाह रहे हैं वह गांधी परिवार की सत्ता लोलुपता को दर्शाता है। लोकसभा चुनाव महज एक साल दूर है इसलिए विपक्ष की बेसब्री बढ़ती जा रही है। कुछ विदेशी एजेंसियों की भारत विरोधी रिपोर्टों को हवा देकर भारत में भुखमरी या हालात खराब होने की बात को प्रचारित किया जा रहा है, विदेशी मीडिया में भारत विरोधी खबरें छपवाई जा रही हैं, विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें की जा रही हैं। यही नहीं, अब तो विपक्ष एक बार फिर ईवीएम के खिलाफ आवाज बुलंद करने जा रहा है। इस क्रम में शरद पवार के घर पर विपक्ष की बैठक में आगे की रणनीति बनी। देखा जाये तो देश में एक चलन-सा बनता जा रहा है कि चुनाव हार जाओ तो ईवीएम पर ठीकरा फोड़ दो जबकि जो भी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं वह ईवीएम के जरिये ही चुनाव जीतते रहे हैं।

**देश में दशकों तक राज करने वाले गांधी परिवार के राजनीतिक वारिस राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में अदालत ने सजा सुनाई तो कांग्रेस देशभर में सड़कों पर हंगामा कर रही है।**

**राजनीति**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# जल, जंगल और जमीन के रक्षक होते हैं आदिवासी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** आदिवासी समुदाय के द्वारा शुक्रवार को प्रकृति पर्व सरहुल बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सरना स्थल पर पूजा अर्चना के बाद कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रकृति प्रेमी। कार्यक्रम में लातेहार विधायक बैधनाथ राम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन शितमोहन मुंडा, रमेश कुमार,जतरु मुंडा संयुक्त रूप से कर रहे थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।गुरुवार शाम में ही पाहन फतु मुंडा के द्वारा सरना स्थल पर दो मटको में पानी भरकर रखा गया था सोमवार को इसी घड़े के पानी को देखकर पाहन इस वर्ष होने वाली बारिश की भविष्यवाणी की गई।वहीं शुक्रवार सुबह पारंपरिक विधि विधान के साथ सरना स्थलों की पूजा अर्चना की गई इसके बाद सरना झंडा को स्थापित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि प्रकृति की पूजा हम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए करते हैं सरहुल हमे प्रकृति की रक्षा करने का भी संदेश देती है, जल जंगल जमीन के असली रक्षक तो आदिवासी है आदिवासी सदियों से प्रकृति की रक्षा करते आ रहे है आदिवासी ही प्रकृति के सच्चे रक्षक व पूजक है आज अगर जंगलों का अस्तित्व बचा है तो उसका श्रेय आदिवासी समुदाय को ही जाता है।सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत शहर में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा यात्रा में शामिल महिला पुरूष पारंपरिक नृत्य करते देखे गए।शोभायात्रा कृषि फार्म से निकली व इंदिरा गांधी चौक होते हुए सुभाष चौक तक पहुँची उसके बाद पुनः सभी कुसुमटोली स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार,हिंडाल्को सीएसआर हेड लोपमुद्रा मिश्रा,चंदवा पक्षिमी जिप सदस्य सरोज देवी,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु,प्रखंड प्रमुख



प्रतिनिधि राजु उंराव,शितमोहन मुंडा,पड़हा राजा धनेशर उंराव,चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव,चंद्रदेव उंराव, पूर्व प्रखंड प्रमुख नवाहीर उंराव,जितेंद्र सिंह,मंजय उंराव,बिनेशर उंराव,सुरेशनाथ लोहरा आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।वहीँ सरहुल पर्व को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे शहर समेत विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल के जवान तैनात दिखे।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**कुंदा (चतरा)।** शुक्रवार को कुंदा थना क्षेत्र अंतर्गत बरुरा गांव में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामनवमी पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की बात कही गई। मौके पर उन्होंने सभी समुदाय को आपसी भाईचारगी व शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने को लेकर लोगों से अपील करते हुए थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने कहा की अफवाह से बचें, थाना क्षेत्र में अदि किन्ही को अप्रिय घटना होने की सूचना मिले तो पुलिस प्रशासन को सूचना दे। वहीं बैठक में सभी गणमान्य जनों ने थाना प्रभारी के बातों पर सहमति जताई व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी महापर्व संपन्न कराने को लेकर सहयोग करने की बात कही। बैठक में सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, प्रतापपुर बीडीओ मुरली यादव व मुखिया आदि शामिल थे।

## श्रीराम नवयुवक संघ ने महावीरी झंडा लगाया

**लातेहार।** शहर के बाइपास चौक अखाड़ा (चारमुहान) के श्रीराम नवयुवक संघ ने रामनवमी की तैयारियां शुरू कर दी है। शहर के बाइपास चौक से लेकर बहेराटांड़ मोड़ तक संघ द्वारा बाइपास सड़क के दोनों ओर महावीरी झंडा लगाया गया है। इसके अलावा बाइपास चौक में बैनर और श्रीराम द्वार बनाया गया है। संघ के अध्यक्ष शंभु प्रसाद के नेतृत्व में संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य रामनवमी पूजा की तैयार में लगे हैं। अध्यक्ष ने बताया कि रामनवमी के दिन पूजा अर्चना के बाद बाइपास चौक अखाड़ा की महावीरी जुलूस शहर के थाना चौक स्थित महावीर मंदिर मुख्य अखाड़ा के जुलूस में शामिल होगी। इसके बाद नगर भ्रमण के बाद बाजारटांड़ में आयोजित कला कौशल व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाग लेगी। आयोजन की तैयारियों में उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता, अनुज गुप्ता व राजमोहन प्रसाद, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री अनिकेत सिन्हा व मंत्री अजीत यादव समेत अन्य सदस्य सक्रिय।

## आदित्य यादव बने प्रखंड अध्यक्ष



**बरवाडीह।** राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के निर्देश पर राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने बरवाडी प्रखंड राजद कमेटी का गठन किया है। कमेटी गठन के उपरांत नवगठित कमेटी की सूची राजद जिला अध्यक्ष को सुपुर्द किया गया है। जिसमें आदित्य कुमार यादव प्रखंड अध्यक्ष, बैजनाथ राम, संजय कुमार, दरगाही खान, अयोध्या प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष, रविंद्र सोनी, समी उल्लाह अंसारी, मुनीराम चंद्रवंशी, बीना देवी, शंकर यादव,हबीब अंसारी को महासचिव, मोहित कुमार ,सनी कुमार ,उमेश राम, संतोष यादव, शिवनाथ राम, उमेश यादव ,मिथिलेश कुमार सिंह, मोहम्मद जिलानी अंसारी, जाकिर अंसारी, कृष्णा यादव ,संजय वर्मा को सचिव, बैरम खान, कैलाश पासवान ,भगड़ू यादव, अशोक यादव, बीरबल सिंह ,अखिलेश पासवान, जीतन सिंह, अतिफुल अंसारी, मोहम्मद मुबारक अंसारी , फेराज अंसारी,बसंत कुमार राम को कार्यकारणी सदस्यों में रखा गया है। वही उमेश कुमार रवि को दलित प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष, मुसरत अली को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष, जबकि आमंत्रित सदस्यों में अजय कुमार चंद्रवंशी प्रदेश महासचिव, कन्हाई प्रसाद यादव जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, जगनारायण माली जिला सचिव, मदन यादव,अमेरिका सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य, नेसार अहमद,बालेश्वर सिंह जिला महासचिव, अली हसन अंसारी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष विक्टर करकेटा आदिवासी जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष को आमंत्रित सदस्यों में रखा गया है।

## टंडवा में सरहुल पूरे हर्षोल्लास से संपन्न

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड परिसर स्थित नये सरना मैदान में शुक्रवार को प्रकृति महापर्व सरहुल पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ रंथु महतो, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, एनटीपीसी परियोजना के अभिषेक आंनद, जीत सिंह, संधू मुखिया विश्वजीत उरांव आदि शामिल थे। इस दौरान महोत्सव में भाग लेने आए सभी तेइस खोड़हा के लोगों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सांस्कृतिक लोक नृत्य करते हुवे अंबेडकर चौक, गुप्ता चौक, बाजार टांड़, नीम चौक, हॉस्पीटल मोड़ होते हुए प्रखंड कार्यालय के सरना मैदान सभी पहुंचे थे। मौके पर बिरजू उरांव, संतोष नायक, राजकुमार उरांव, बीरेंद्र उरांव, मोहन उरांव, महेंद्र उरांव, बहुरा मुंडा, दिनेश उरांव, सुनीता देवी, अशोक उरांव समेत सरना समुदाय के लोग शामिल थे।

### जिले में धूमधाम से मनाया गया सरहुल का पर्व

# सरहुल शोभा यात्रा में दिखा उल्लास



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 मार्च 2023दिन शुक्रवार को सरना समिति, लातेहार के द्वारा प्रकृति का पर्व सरहुल महोत्सव आदिवासी वासा ओड़ा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें हजारों हजार महिला, पुरुष मौजूद थे। वासा ओड़ा सरना समिति के तत्वावधान में आदिवासी वासाओड़ा में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव को लेकर सरना समिति लातेहार के बैनर तले वासा ओड़ा में स्थानीय बैगा पाहन द्वारा प्रकृति पूजा कर कार्यक्रम की शुरूआत कि गयी। एवं सरना समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जो वासा ओड़ा से होकर लातेहार मुख्य शहर में पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ झूमर खेलते हुए धरती माता की जय सरना समाज की जय की नारे लगाते हुए। रेहड़ा अखाड़ा तक गयी और मांदर के थाप पर झूमकर, झूमर भी खेले।बढ़चढकर। हिस्सा लिए एवं सरना समिति के द्वारा सरना समाज को पुरस्कृत किया गया। वहीं जगह जगह पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, लातेहार विधायक बैधनाथ राम ने कहा कि प्रकृति का पर्व जल, जंगल, जमीन बचाने का त्यौहार है। प्रकृति व जंगल ही जीवन बचा सकता है। वहीं उपायुक्त भोर सिंह यादव ने मांदर के थाप पर नाचे और लोगों की हौसला अफजाई किया सरहुल पर्व की बधाई देते हुए। जिला वासियों को प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की।

## धरमी माता की जय, जय सरना के उद्घोष से गूंजा महुआडांड़

**महुआडांड।** प्रखंड के फुलवार बगीचा से शुक्रवार को सरना समिति के बैनर तले प्रकृति पर्व सरहुल पर शोभायात्रा निकाली गई, इससे पूर्व फुलवार बगीचा के पूजा स्थल पर कृष्णा बैगा, पारसनाथ, मुंटू और अरूण बैगा के द्वारा पूजा पाठ कराया गया, मांदर के थाप पर शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, फूल पत्तियों से अपने जूडो को सजाएं रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में चल रही आदिवासी लड़किया व महिलाएं और पुरुष ढोल मांदर की थाप पर



नाचते गाते चल रहे थे, शोभायात्रा बिरसा चौक पहुंची वही बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, शास्त्री चौक स्थित महुआडांड़ बजरंग दल और विहिप के द्वारा शोभा यात्रा में आए लोगों के बीच चना व गुड़ बांटा गया, मुख्य सड़क होते शोभायात्रा पुनः फुलवार बगीचा पहुंची, जहां मंच में बदल गया, मंच का संचालन समिति के सदस्य बिरजू नगेसिया ने किया।

## बारियातू : उत्साह के साथ मना प्रकृति पर्व सरहुल

**बारियातू।** बारियातू प्रखण्ड के पहाड़ा भवन नचना में प्रकृति का महापर्व सरहुल विधिवत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरहुल पुजा का प्रारंभ मुख्य पाहन शिवा पाहन ,धर्म अगुआ प्रधान उरांव के सहयोग से सरना स्थल पर पानी घड़ा रखा। सुबह में धर्म अगुआ तेतर उरांव द्वारा डंडा कटना का रस्म पुरा किया गया। उपस्थित सरना मां के उपासक महिलाओं द्वारा पारंपरिक रिति-रिवाज से पुजा किया गया उपस्थित सभी पाहनो द्वारा



चन्दन व कानों में सरई फुल लगाकर फुलखोसी का रस्म पुरा किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी, बारियातू थाना प्रभारी, प्रखण्ड प्रमुख, उपप्रमुख, मिडिया कर्मी व उपस्थित रहे।

## मनिका में हर्षोल्लास से मना सरहुल पर्व

**मनिका।** प्रखंड में धूमधाम से सरहुल पूजा मनाया गया। सरहुल पूजा को लेकर कई पंचायत के आदिवासी समाज के लोग अपने अपने ग्रुप के साथ हाई स्कूल पहुंचे। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी ने कहा कि मैं कमेटी के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले वर्ष से यहां पर आयोजित कार्यक्रम के लिए सारी विधि व्यवस्था की जिम्मेवारी हमारी होगी। मैं कमेटी को सारी खर्चा उपलब्ध करा कर हर तरह से सहयोग करने का काम करूंगा।

## बीडीओ ने पीएम आवास निर्माण का लिया जायजा

**पत्थलगडा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी व बरवाडीह पंचायत का शुक्रवार को बीडीओ मोनी कुमारी ने भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ ने आवास के लाभुकों से मिलकर आवास निमार्ण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना है। जिसमें सरकार ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को पक्का मकान बनाकर दे रही है। ऐसे में पीएम आवास के लाभुक लापरवाही ना बरतें समय पर अपने आवास को पूर्ण करें।

## गारु में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। गारु** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गारु में प्रकृति पर्व सरना सरहुल बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले बैगा श्री रामनाथ सिंह के द्वारा पूजा अर्चना कर बाजारहोते हुवे कोयलतट सरना स्थल पर पंहुचा गया। कार्यक्रम स्थल पर पुरे प्रखंवासी उपस्थित थे तत्पश्चात सामाजिक कार्यकरता श्री प्रवीण सिंह जिला परिषद जीरा देवी वरखा देवी मंगल उरांव ने संयुक्त रूप से झडोतोलान व पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वनवासी कल्यानकी बच्चियों ने स्वागतगान से सबका मनमोह लिया। मंच पर उपस्थित सभी अथिति गण को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष मोहनलाल उरांव, सचिव सुभाष कुमार सिंह, मंगल उरांव, उपप्रमुख रामदास यादव, बीससूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी आदि ने अपना योगदान दिया।

## अपहृत सीसीएल कर्मी का शव बरामद

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के गोडवार व सोपारम के सीमावर्ती रेलवे ट्रैक पर गुरुवार देर शाम अपहृत होन्हे निवासी सीसीएल कर्मी संजय महतो का क्षत-विक्षत शव शुक्रवार सुबह मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात लगभग 8 बजे परिजनों द्वारा अपहरण होने का अंदेशा जताते हुए पुलिस को सूचना दी गई थी। जिसके बाद रात में हीं इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह दल-बल के साथ होन्हें गांव पहुंचकर खोजबीन में जुटे हुए थे। वहीं शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक में अज्ञात शव पड़े होने की सूचना मिलने पर डीएसपी शंभू कुमार सिंह व थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं आसपास के सैंकड़ों लोग व अपहृत के परिजन भी पहुंच शव की शिनाख्त दीपक कुमार ने अपने पिता अपहृत संजय महतो के रूप में की।

## हरैया मेला का जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रसिद्ध हरैया मेला का उद्घाटन झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, चंदवा पक्षीमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, समाजसेवी रामयश पाठक, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, कामता मुखिया नरेश भगत के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इसके पूर्व ग्राम प्रधान प्रभु महली ने पुरे विधि विधान से मेले में पुजन की रश्म पुरी की। शांतिपूर्ण मेला संपन्न होने की कामना की। उद्घाटन करने के बाद अतिथियों ने बिजली झुला व अन्य झुला का लुत्फ उठाया। ठिकेदार रियाज खान उर्फ



बाबर ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते दो साल तक मेला नहीं लगा था, दो वर्ष के बाद प्रसिद्ध हरैया मेला का आगाज हो गया है। इस मेले का हिस्सा बनने के लिए जिला ही नहीं राज्य के कोने कोने से गांव कस्बों से लोग आते हैं साथ ही इस मेले में लोग अपनी दुकानें भी लगाते हैं। मेले को लेकर बच्चों युवाओं महिलाओं में काफी उत्साह है। मेला में एक से बढ़कर एक झुला, नाव, बिजली झुला, ब्रेक डांस सहित कई मनोरंजन के सामान लगाएं गए हैं। मेले को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। जिसे देखने वालों की भीड़ लग रही है। उद्घाटन के मौके पर मेले का ठेकेदार रियाज खान उर्फ बाबर खान,सुरेन्द्र सिंह, शिव कुमार,बेलाल अहमद, राजेश साव, पप्पू सर,शेरातुल खान, रसीद मियां, असरफ टेलर आदि उपस्थित थे।

### चतरा नवजात की बिक्री मामले में खुलासा

## मुंह खोलने पर मिली भाई की हत्या करने की धमकी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** सदर अस्पताल में जन्म के महज आठ घंटे बाद नवजात की बिक्री मामले में एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। यह खुलासा सौदे में शामिल सहिया डिंपल ने किया है। डिंपल ने नवजात के बिक्री में फरार चल रहे संदिग्ध आरोपी अरुण कुमार पर बड़े खुलासे किए हैं। सूत्रों की माने तो सहिया को मुहबंद रखने की धमकी दी गई थी, की अगर इस मामले में मुंह खोलेगी तो भाई का अपहरण कर हत्या कर देंगे हत्या। इसी डर से डिंपल ने पुलिस के हर संभव टॉर्चर को बर्दाश्त किया। उसे डर सता रहा था कि अगर पुलिस को उसने कुछ बताया तो उसके भाई को खतरा है। परंतु पुलिसिया टॉर्चर के आगे अंततः लोग टूट ही जाते हैं और डिंपल भी टूट गई। हालांकि अरुण फिलहाल पुलिस को चकमा देकर फरार है। सूत्रों की मानें तो अरुण की गिरफ्तारी अगर होती है तो कई और बड़े राज खुलकर सामने आयेंगे। हो सकता है इस सौदे में सदर अस्पताल के भी कुछ कर्मी के नामों का खुलासा हो जाय तो गलत नहीं होगा। दूसरी ओर पुलिस 21 मार्च के सुबह पांच लोगों के हस्ताक्षरयुक्त वायरल एकरारनामा की भी जांच कर रही है। उक्त एकरारनामे में सदर अस्पताल की कोई संलिप्ता नहीं होने व महिला द्वारा स्वेच्छा से नवजात को एक अनजान कपल को 1 लाख रुपये में बेचे जाने की बात कही गई है।

**उत्साह**

### चतरा में प्रकृति पर्व सरहुल की दिखी धूम

# मांदर की थाप पर झूमे अधिकारियों संग मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

**चतरा।** प्रकृति पर्व सरहुल शुक्रवार को जिले में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में जिला मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें राज्य के श्रम मंत्री सह चतरा विधायक सत्यानंद भोक्ता के साथ उपायुक्त आबु इमरान, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी प्रकृति पूजा से लेकर शोभायात्रा में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, एसडीओ मुमताज अंसारी,



एसडीपीओ अविनाश कुमार, बीडीओ गणेश रजक, सीओ भागीरथ महतो और थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली समेत सरना समिति के प्रतिनिधि और आदिवासी समुदाय के लोग शामिल थे। सभी मांदर के थाप पर जमकर झूमे। शोभा यात्रा स्थानीय सरना टोंगरी से निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्ग होते हुए पोस्ट आफिस, पेट्रोल पंप, मारवाड़ी मोहल्ला, जतराहीबग होते वापस टोंगरी पहुंची। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा से पूर्व सरना टोंगरी पर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। ज्ञात हो कि प्रकृति पर्व सरहुल नए साल में पत्तियां व नए सखुआ में फूल, आम की मंजर, महुआ में फूल निकलने की खुशी में मनाया जाता है। पूजा व शोभा यात्रा में आस-पास के सरना समिति द्वारा झांकी भी प्रस्तुत की गई। दुसरी ओर सदर प्रखंड के पावो गांव के मैना टाड़ में सरना स्थल पर विधिवत पूजा पाहन के द्वारा कराई गई। मौके पर जहां सखुआ के डालियों से सुसज्जित झांकियों ने शहर और आम लोगों में शांति और आपसे सौहार्द का संदेश दिया। वहीं मंत्री और अधिकारियों ने जिले वासियों को प्रकृति पर्व की बधाई दी।

## जगतारणपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत जालिम खुर्द जगतारणपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कर झंडा की स्थापना के बाद कलश यात्रा निकालकर पूरे गाँव मे भ्रमण किया गया।चैतनवरात्र का अनुष्ठान पूरे वैदिक मंत्रों और सनातन विधि विधान के साथ शुभारंभ हुआ। श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मुख्य जजमान भूमि पूजन में शत्रुघ्न प्रसाद पत्नी सुषमा देवी व कुन्दन प्रसाद पत्नी रीता देवी और नंदलाल प्रसाद मुख जजमान रहे । अनुष्ठान में वृंदावन से आए परम पूज्य 108 का प्रवचन सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज का रामायण भागवत कथा से लोगों में धार्मिक चेतना का संचार होगा । वही मुख्य



जजमान शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि आयोजन कर हम अपने गांव में अध्यात्म जागरण सद्विचार संस्कार लोगों में राष्ट्रभक्ति की चेतना लोगों में जगा रहे हैं, घनश्याम प्रसाद ने कहा कि इस आयोजन से पूरे गांव के लोगों के सहयोग से संपन्न हो रही है, नवरात्र का पर्व चल रहा है, गांव के लोग साधना में लीन है। निरंजन प्रसाद ने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ पढ़ने से समाज को नई दिशा मिलती हैं। हर समस्या हर परिस्थिति का सामना करने का सामर्थ हमारे सनातन धर्म है. इस यज्ञ कार्यक्रम में ग्राम जालिम खुर्द जगतारणपुर के मुखिया सुनीता देवी और विनोद उरांव के साथ ग्रामीण राहुल कुमार, नागेंद्र कुमार, आशीष कुमार ,कपिल कुमार ,राम कुमार, प्रमोद प्रसाद,रामकृत सिंह, कंचन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद ,संदीप प्रसाद ,छोटु प्रसाद, अनुज प्रसाद ,नीरज प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में हंगरी, मॉरीशस, किर्गिज गणराज्य, पुर्तगाल और मॉरिटानिया सहित पांच देशों के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किये। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, राष्ट्रपति को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में हंगरी के राजदूत इस्तवान स्जाबो, मॉरीशस गणराज्य के उच्चायुक्त हेमंडोयल दिलम, किर्गिज गणराज्य के राजदूत अस्कर बेशिमोव, पुर्तगाल के राजदूत जोआओ मैनुअल मेंडेस रिबेरो डी अल्मेडा और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ मॉरिटानिया के राजदूत मोहम्मद अहमद सलेम मोहम्मद रारा के नाम शामिल हैं।

### कोरोना के दौरान पैरोल पर रिहा सभी कैदी 15 दिनों में करें सरेंडर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना के दौरान पैरोल पर रिहा हुए सभी कैदियों को 15 दिनों के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोरोना के दौरान देशभर के तमाम कैदियों को हाई पावर्ड कमेटी की सिफारिश पर आपातकालीन पैरोल दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि सरेंडर करने के बाद कैदी जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं। उनकी अर्जी पर कानून के मुताबिक विचार किया जाएगा।

### चार साल से ईरान में फंसे पांच भारतीय नाविक स्वदेश लौटे

**मुंबई।** जून 2019 से ईरान में फंसे पांच भारतीय नाविक करीब चार साल बाद आखिरकार शुक्रवार दोपहर घर लौट आए। ये पांचों हैं : मुंबई निवासी अनिकेत एस. येनपुरे (31) और मंदार एम. वर्लीकर (28), पटना के प्रणव ए. तिवारी (23), दिल्ली के नवीन एम. सिंह और चेन्नई के थमिजह आर. सेलवन (33)। वह दोपहर ईरान एयर से मुंबई पहुंचे। उनके रिश्तेदारों ने गले लगा कर उनका स्वागत किया, चूमा और हवा में उठा लिया। इस दौरान सब की आंखें नम थी। येनपुरे ने कहा, हमारी खुशी असीमित है.. हम करीब 45 महीनों तक अपने परिवार से दूर रहे और बिछड़े रहे, लेकिन बुरा सपना अब खत्म हो गया है। अगले एक महीने हम आराम करेंगे और अपने परिवार के सभी सदस्यों से बातचीत करेंगे।

### जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल के विरुद्ध 14 विपक्षी दलों की याचिका

# जैसे को तैसा के मूड में एकजुट होने लगा विपक्ष

#### सुप्रीम कोर्ट पांच अप्रैल को करेगा सुनवाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय में 14 राजनीतिक दलों ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने तरीके से इस्तेमाल के विरुद्ध याचिका दायर की। राजनीतिक दलों ने अपनी याचिका में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और अदालतों के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करने की मांग की। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के सामने इस मामले को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने उठाया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस बेंच में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी परदीवाला भी शामिल थे। सर्वोच्च न्यायालय इस



मामले की सुनवाई 5 अप्रैल, 2023 को करेगा।

जिन दलों ने ईडी, सीबीआई, आयकर आदि केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने तरीके से इस्तेमाल के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका लगाई है, उनमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, जनता दल यूनाइटेड, भारत राष्ट्र समिति, राजद, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव), नेशनल कॉन्फ्रेंस, एनसीपी, सीपीआई, सीपीएम और डीएमके शामिल हैं।

#### कामकाज के तरीकों पर उठाए सवाल

**याचिका** में विपक्षी दलों ने एक स्वर में केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज के तरीकों पर सवाल उठाए हैं। याचिका में मांग की गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों जैसे सीबीआई और ईडी द्वारा गिरफ्तारी के लिए गाइडलाइन जारी की जाए। सिंघवी ने कहा कि 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के विरुद्ध हैं। हम चाहते हैं कि गिरफ्तारी से पहले और गिरफ्तारी के बाद के लिए गाइडलाइन जारी की जाए। विपक्ष ने अपनी अर्जी में कहा हैः 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। हम गिरफ्तारी से पहले और गिरफ्तारी के बाद के दिशा-निर्देशों की मांग कर रहे हैं। इस बारे में कई विपक्षी दलों का कहना है कि बहुत हो गया। अब तो अति हो गया है। विपक्षी दलों को एकजुट होकर लड़ना होगा, वरना साम-दाम-दंड-भेद व सत्ता आदि का दुरुपयोग करके केंद्रीय सत्ता किसी विपक्षी दल को राजनीति करने लायक नहीं रहने देगी।

## असम राइफल्स ने 188वां स्थापना दिवस मनाया

**गुवाहाटी।** देश के सबसे पुराने और सबसे सुशोभित अर्धसैनिक बल असम राइफल्स ने शुक्रवार को शिलांग के लैटकोर गैरीसन और पूर्वोत्तर तथा जम्मू और कश्मीर में इसके विभिन्न फॉर्मेशन और इकाइयों में अपना 188वां स्थापना दिवस मनाया। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 24 मार्च, 1835 को स्थापित इस बल ने देश की सेवा की है और पूर्वोत्तर राज्यों में शांति लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस वर्ष स्थापना दिवस के समारोह में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर, डीजी असम राइफल्स के साथ शामिल हुए थे, और बल के सभी रैंकों ने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने पिछले 188 वर्षों में सर्वोच्च बलिदान दिया है। रेड्डी ने विशेष सैनिक सम्मेलन में बल के सभी रैंकों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने पूर्वोत्तर और कश्मीर में उग्रवाद से लड़ने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उनकी सराहना की।

# वित्त विधेयक पारित, विपक्ष के बिना चली राज्यसभा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के दोनों सदनों में हंगामा शुक्रवार को भी जारी रहा। हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2023 पेश किया जिसे वोटिंग के बाद सदन से पारित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही वित्त विधेयक पारित होने के बाद 27 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही भी 27 मार्च की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गई है। शुक्रवार सुबह 11 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामे के कारण स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे जब लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, विपक्ष के सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। आसन की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त विधेयक पेश करने के लिए कहा गया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक लोकसभा में पेश किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन की कार्यवाही करीब 45 मिनट तक चली और वित्त विधेयक पर वोटिंग कराकर इसे पारित कर दिया गया। इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेंशन को लेकर सरकार की ओर से कमेटी गठित करने का प्रस्ताव भी दिया।

**विपक्षी सांसदों ने लगाए सरकार विरोधी नारे :** लोकसभा में विपक्षी सांसद आसन के सामने वेल में आकर तब तक नारेबाजी करते रहे, जब तक कार्यवाही चली। विपक्षी सांसद 'अडाणी पर जेपीसी... जेपीसी... जेपीसी', 'देश को लूटना बंद करो...', 'अडाणी को बचाना बंद करो' जैसे नारे लगाते रहे।

#### रास की कार्यवाही में नहीं पहुंचा विपक्ष

**राज्यसभा** की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने शुरू में ही सदस्यों से अपने नाम के आगे अंकित पत्र सदन पटल पर रखने के लिए कहा। सदस्यों ने अपने नाम के आगे अंकित पत्र, रिपोर्ट्स सदन पटल पर रखीं। इसके बाद जैसे ही सभापति ने स्थगन प्रस्ताव के 14 नोटिस मिलवने की जानकारी दी और कहा कि किसी को भी अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद सदन में हंगामा हो गया।

# खालिस्तानी तत्वों पर कारगर कार्रवाई चाहता है भारत : विदेश मंत्रालय

#### सिर्फ सुरक्षा का आश्वासन से नहीं चलेगा काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में इन देशों की सरकार से आश्वासन नहीं बल्कि कारगर कार्रवाई चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि मेजबान देशों की जिम्मेदारी है कि वे भारत के राजनयिक मिशनों और वहां के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रवक्ता से लंदन और सैनफ्रांसिस्को सहित अन्य शहरों में हुए प्रदर्शन व तोड़-फोड़ और मंदिरों पर हमले की घटनाओं के संबंध में पूछा गया था।

प्रवक्ता ने कहा कि लंदन और सैन फ्रांसिस्को की घटनाओं के संबंध में ब्रिटेन और अमेरिका के साथ यह मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि मेहमान देशों के अधिकारी दोषी व्यक्तियों की पहचान पर उन्हें दंडित करेंगे तथा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे।



उल्लेखनीय है कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों पर स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही पर प्रतिक्रिया स्वरूप नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग और उच्चायुक्त के आवास के बाहर अतिरिक्त बेरिकेटिंग हटाई गई। प्रवक्ता ने विदेश में रह रहे भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों द्वारा परोसी जा रही गलत और भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा न करें।

#### हमारा प्रयास न्याय के कटघरे में खड़े हों भगोड़े

**प्रवक्ता** ने आर्थिक भगोड़े मेहुल चौकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस वापस लिये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि सभी आर्थिक भगोड़े न्याय के कटघरे में खड़े हों।

#### जाकिर नाइक का मुद्दा ओमान से उठाया गया

**जिहादी** प्रचारक जाकिर नाइक के संबंध में पूछे गए एक सवाल के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि ओमान सरकार के साथ यह मामला उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि जाकिर नाइक इस समय ओमान में है। उसे भारत लाने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रवक्ता ने ब्रिटेन की ओर से यूक्रेन को यूरेनियम अपशिष्ट से बनाए गए तोपगोलों की आपूर्ति के फैसले पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। साथ ही उन्होंने चीन के राष्ट्रपित शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शिखरवार्ता के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य के बारे में भी कुछ नहीं कहा। हालांकि प्रवक्ता ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के संवाद मंच क्वाड के बारे में भारत के पुराने पक्ष को दोहराते हुए कहा कि इसका एजेंडा सकारात्मक है।

## दिल्ली : ईडी ने 252 करोड़ रुपये से अधिक का एंबिएंस टावर किया कुर्क



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने धनशोधन के एक मामले में राष्ट्रीय राजधानी के शालीमार बाग में 252.17 करोड़ रुपये के बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर एंबिएंस टावर को कुर्क किया है। ईडी ने कहा कि दिल्ली स्थित एंबिएंस टावर एंबिएंस ग्रुप की कंपनी एंबिएंस टावर्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है, जिसे राज सिंह गहलोत द्वारा प्रमोट किया जा रहा था। रणबीर दंड संहिता, और भ्रष्टाचार निवारण संवत अधिनियम के प्रावधानों के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जम्मू और कश्मीर द्वारा दायर प्राथमिकी और उसके बाद के आरोप पत्र पर कार्रवाई करते हुए, ईडी ने जांच शुरू की।




## रोमांटिक फिल्म 'इश्क' का ट्रेलर रिलीज



**भोजपुरी** रॉकिंग स्टार प्रदीप पांडे चिंटू और सुपर हॉट काजल राघवानी की रोमांटिक फिल्म 'इश्क' का ट्रेलर आउट हो गया है। फिल्म का ट्रेलर आज इंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज हो गया है, जो बेहद धमाकेदार और दिल छू लेने वाला है। इस ट्रेलर में प्रदीप पांडे चिंटू और काजल राघवानी की लाजवाब लव केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। साथ में चिंटू के एक्शन का तड़का ट्रेलर को और भी खास बना रहा है, जो दर्शकों को फिल्म के रोमांच की एक झलक दिखा रहा है। लेखक निर्देशक और निर्माता राजकुमार आर पांडे की इस खूबसूरत फिल्म 'इश्क' में फिटनेस स्टार विक्रांत सिंह राजपूत और खूबसूरत अभिनेत्री शुभी शर्मा भी अहम किरदार में हैं, लेकिन अगर हम बात फिल्म के ट्रेलर की करें तो शुरू से अंत तक इसमें काजल और चिंटू के बीच की लव केमिस्ट्री आकर्षित करने वाली है।

## 'निरहुआ हिंदुस्तानी-4' और 'घूंघट में घोटाला 3' की शूटिंग 20 अप्रैल से लंदन में होगी शुरू



**भोजपुरी** फिल्म इंडस्ट्री में कई नए रिकाड्र्स बनाने वाली फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी का अब चौथा पार्ट जल्द दर्शकों के बीच आने वाला है। जी हां, फिल्म के मुख्य एक्टर और जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की जोड़ी ने इस बात की जानकारी मीडिया को दी। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के सेमी फाइनल के लिए विशाखापत्तनम पहुंचे दिनेश लाल यादव, आम्रपाली दुबे और प्रवेश लाल यादव ने यह जानकारी दी। अभिषेक किंग कुमार के एसोसिएशन में बन रही 'निरहुआ हिंदुस्तानी-4' और 'घूंघट में घोटाला-3' की शूटिंग 20 अप्रैल से लंदन में की जाएगी। इन फिल्मों के कलाकारों की बात करें तो दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, प्रवेश लाल यादव, नीलम गिरी, अयाज खान और अमित शुक्ला नजर आयेंगे। साथ ही अन्य कलाकारों का चयन भी किया जा रहा है। इन दोनों फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर करेंगे। निरहुआ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने जा रही यह दोनों फिल्में अब तक के पाट्र्स से बिल्कुल अलग और नया अंदाज में बनायी जाएंगी, जिसका प्री-प्रोडक्शन काम किया जा रहा है।

## कोर्ट किसी गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही अपराध

# कार्रवाई का बन सकता है आधार

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2011 में दिये अपने फैसले को पलटते हुए नया फैसला यह सुना दिया कि किसी गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना भी अपराध माना जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही यूएपीए के तहत कार्रवाई का आधार बन सकता है। सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2011 में अरूप भुयन बनाम असम सरकार, इंदिरा दास बनाम असम सरकार और केरल सरकार बनाम रनीफ मामलों में दिए अपने फैसले में कहा था कि गैरकानूनी संगठन का सदस्य होना ही गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आधार नहीं हो सकता, जब तक कि वह किसी हिंसा की घटना में शामिल ना हो।

जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस सीटी रविकुमार और जस्टिस संजय की पीठ ने अपने फैसले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 10(ए)(1) को भी सही ठहराया है, जो गैरकानूनी संगठन की सदस्यता को भी अपराध घोषित करती है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 2011 का फैसला जमानत याचिका पर दिया गया था, जिसमें कानून के प्रावधानों की संवैधानिकता पर सवाल नहीं उठाया गया था।

पीठ ने कहा कि 2011 के फैसले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आतंकवाद और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की संवैधानिकता को भी सही ठहराया गया था। साथ ही यह भी कहा कि अदालत ने केंद्र सरकार का तर्क सुने बिना कानून के प्रावधानों की व्याख्या की थी। मालूम हो कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर संदर्भ दिया था कि केंद्रीय कानूनों की व्याख्या, केंद्र सरकार का तर्क सुने बिना नहीं की जा सकती। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन जस्टिस दीपक मिश्रा और जस्टिस एएम सप्रे की पीठ ने मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया था। ताजा फैसला उसी संदर्भ में आया है। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में कहा कि 2011 के फैसले अमेरिकी बिल ऑफ राइट्स के आधार पर दिए गए थे, लेकिन इससे आतंकवाद से संबंधित मामलों से निपटने में परेशानी हो रही है। सरकार ने तर्क दिया कि न्यायालय आतंकवाद विरोधी कानून के प्रावधानों की, सरकार की दलील सुने बिना व्याख्या नहीं की जा सकती। यह फैसला आने के बाद केंद्र सरकार के बड़े वकील ने खुशी जताई।

## एक्ट्रेस पूजा भट्ट हुईं कोरोना पॉजिटिव



**महाराष्ट्र** में कोविड के मामले एक फिर बढ़ने से लोगों में परेशानी दिखने लगी है। कोविड का प्रकोप अब बी-टाउन पर भी पड़ता दिख रही है। इसी बीच अब बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा भट्ट के कोरोना संक्रमित होने की खबर आई है। इस बात की जानकारी खुद पूजा ने ट्वीट कर दी है। जानलेवा कोरोना की चपेट में कई अभिनेता व अभिनेत्रियां आ चुकी हैं। हाल ही में खबर आई थी कि बॉलीवुड की एक्ट्रेस किरण खेर भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर महेश भट्ट की बेटी और मशहूर एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने हाल ही में ट्वीट कर बताया कि वह कोरोना की चपेट में आ गई हैं। पूजा ने ट्वीट कर बतायाः तीन साल बाद मैं पहली बार कोरोना पॉजिटिव हुई हूं। कोविड हमारे बहुत करीब आ गया है। लोगों को मास्क पहनना चाहिए। वैक्सीन लगवाने के बाद भी आपको कोविड हो सकता है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही ठीक होकर वापस आउंगी। साथ ही पूजा ने सभी से मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की है।

## रितेश पांडे की फिल्म 'बंधन टूटे ना' के सेट से वायरल हुई तस्वीर

**भोजपुरी** सिनेमा के सुपरस्टार रितेश पांडे और निर्देशक देव पांडे की जोड़ी एक शानदार पारिवारिक और सामाजिक फिल्म लेकर आ रही है, जिसका नाम 'बंधन टूटे ना' है। इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें आउट हुई हैं, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आ रही है। यह अपने आप में एक अलग तरह की फिल्म है, जिसमें कहानी, संवाद, पटकथा और स्क्रीनप्ले से लेकर अभिनेता बेहद खास एहसास दर्शकों को कराने वाला है। फिल्म को लेकर रितेश पांडेय ने कहा कि 'बंधन टूटे ना' एक अच्छी फिल्म साबित होगी। हम सभी इस फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं, इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद अलग और उत्साहजनक है। हमारी फिल्म दर्शकों को स्वस्थ और स्वच्छ मनोरंजन का भरपूर आनंद देगी।








# जनजातियों का गौरवशाली इतिहास रहा है : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जनजातियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। इनकी सभ्यता और संस्कृति अत्यंत ही समृद्ध है। साथ ही हमारे जनजातियों की कला-संस्कृति, साहित्य, परंपरा एवं रीति-रिवाजों की विश्वव्यापी पहचान है। ये प्रकृति प्रेमी हैं और यह इनके पर्व-त्यौहारों एवं अनुष्ठानों में झलकता है। राज्यपाल शुक्रवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित ह्लसरहुल पूजा महोत्सवह्न में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्यवासियों को सरहुल पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल सिर्फ एक पर्व ही नहीं है,



बल्कि मानव जीवन और प्रकृति के बीच अटूट संबंध का अनुपम उदाहरण है। सरहुल यह संदेश देता है कि प्रकृति के बिना मनुष्य का अस्तित्व नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि आज के आधुनिक युग में जहां पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित हैं, ऐसे में इस प्रकार के त्योहारों की अहमियत और भी बढ़ जाती है। यह पर्व मानव को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। वृक्ष हैं तो जीवन है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में वनम संस्था ने बड़ी संख्या में पौधरोपण किया है, जिससे वहां के भू-गर्भ जल-स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और बारिश में भी बढ़ोतरी हुई। झारखंड राज्य को इस संस्था के अनुभव का लाभ प्राप्त हो, इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही राज्य के लोगों को जल संरक्षण और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर डॉ. आशा लकड़ा, सचिव, विकास भारती पद्मश्री अशोक भगत, कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## सरहुल का उत्सव अतीत की यादगार को ताजा करती है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र चैधरी बगान, हरमू रोड में सरहुल पर्व (बा पर्व) जिसे फूलों का त्योहार कहा जाता है, मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा नव वर्ष के आगमन पर यह त्योहार मनाया जाता है। जहां चारों और प्रकृति अपने नये कोपलों से दुल्हन जैसा सजकर परमपुरूष परमात्मा का आवाह्न करती है। रंग-बिरंगी फूलों, कलियों, कोपलों से स्वर्ग जैसा नजारा छा जाता है। चिड़ियों की मीठी आवाज से हर मानव का मन प्रफुल्लित हो जाता है। वास्तव में यह उत्सव भी अतीत की यादगार को तरोताजा करने का प्रतीक है। यह सृष्टि आदि में सर्व पदार्थों में व मानव में दिव्यता सम्पन्न सहाबहार का जीवन था। धीरे-धीरे मानवता में विकृत भावनाओं व व्यवहार ने अपना



स्थान बना लिया जिससे मानव जीवन गिरती कला में आ गया और कटूता का व्यवहार होने लगा। समय सदा एक समान नहीं होता यह परिवर्तनशील है। समय के अनुसार जब मानव अपने में परिवर्तन करता है तभी वह उन्नति की ओर अग्रसर होता है। उसमें आध्यात्मिक ज्ञान का श्रोत सर्वोच्च परम सत्ता परमात्मा द्वारा मिलता है। और यह वही समय चल रहा है। कहा जाता है -ज्ञान सूर्य प्रगटा, अज्ञान अंधेर विनाष। जब धरा पर अज्ञानता छा जाता है, मानवता में दानवता आ जाता है तब वैसे समय पर परम पुरूष हर मानव आत्माओं के ओरीजन गुण षांत स्वरूप, प्रेम स्वरूप, षक्ति स्वरूप, दया, आनन्द, क्षमा जो फूलों के साथ तुलना किया गया है।

## अच्छी बारिश की कामना के साथ पाहनो ने की इष्ट देवता की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रकृति पर्व सरहुल पूजा पर पाहनो ने इष्ट देवता की पूजा कर अच्छी बारिश की कामना की। सरहुल पूजा महोत्सव सरना समिति की ओर से दिन के 12 बजे बड़का टोली से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी।सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव के नेतृत्व में निकाली गई जुलूस में रातू बड़काटोली के अलावा हुरहुरी, बाड़ी टोला,टीपु टोला, काठी टांड, झखराटांड, जामुन टोला,कुंबाटोली , तिलता आदि दर्जनों गावो के हजारो लोग शामिल हुए,। हटिया विधायक नवीन जयसवाल भी जुलूस में शामिल हुये। यहां पारम्परिक एकता की झलक देखने को मिली। शोभायात्रियों के बीच पेयजल, चना व गुड़ बांटे गये। जुलुस में सीएचसी



की ओर से चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किये गये थे। इसकी कमान थानेदार सपन कुमार महता ने संभाली। पूजा व जुलुस में शांति बनी रही। कही से किसी अप्रिय घटना की सुचना नही है। देर शाम झखराटांड में जुलूस समाप्त कर दी गयी। इधर तिगरा सरना समिति व दलादिली में भी सरहुल पूजा महोत्सव की धूम रही। सरहुल पूजा व जुलूस की सफलता में पंचायत प्रतिनिधियो व समाज के प्रबुद्ध लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

### विश्व यक्ष्मा दिवसः सदर अस्पताल से निकाली गई प्रभात फेरी

# 325 टीबी के मरीजों को लिया गोद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 24 मार्च को विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया। इस साल का थीम ह्यहम लोग टीबी को समाप्त कर सकते हैं के संकल्प के साथ सदर अस्पताल परिसर से प्रभातफेरी निकाली गयी। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ एसके साबरी ने प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सदर अस्पताल से निकली प्रभात फेरी शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए वापस सदर अस्पताल आकर खत्म हुई।

रांची जिले में टीबी कार्यक्रम अंतर्गत 2023 की उपलब्धियां

-प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 180 निक्ष्य मित्र बनाए गए।



- ◆325 टीबी मरीजों को गोद लेते हुए अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराई गई।
- ◆पब्लिक सेक्टर में 1751 एवं प्राइवेट सेक्टर में 818 टीबी मरीज इलाजरत हैं।
- ◆टीबी बीमारी से 85 प्रतिशत मरीज हुए ठीक।
- ◆मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस मरीजों की संख्या 51 है।
- ◆साल 2022 में पब्लिक सेक्टर में 3071 और प्राइवेट सेक्टर में 1893 टीबी के मरीजों को प्रतिमाह 500 रुपये पोषण योजना के अंतर्गत डीबीटी के माध्यम से दिया गया।
- ◆साल 2022में ट्राइबल अलाउंस के रूप में पब्लिक सेक्टर में 3040 और प्राइवेट सेक्टर में 1886 मरीजों को 750 रुपये उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से दिए गए।

**प्रभात फेरी में ये हुए शामिल**

सदर अस्पताल से निकाले गए प्रभात फेरी में चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम, डीपीसी, टीबी कर्मी, एएनएम, एनजीओ (रिच,जपाईगो डब्लूएचपी) और टीबी चैंपियन शामिल हुए।

## झारखंड जगुआर कैंप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सरहुल

**रांची।** टेंडर ग्राम स्थित झारखंड जगुआर में शुक्रवार को सरना स्थल में सरहुल पूजा पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकर मौजूद थे। उन्होंने पूरे झारखंड जगुआर परिवार का उत्साहवर्धन किया। साथ ही सरहुल पूजा आयोजन में एसपी शैलेन्द्र वर्णवाल, संजय मुकुल किसपोट्टा, कर्नल जेके सिंह समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि राजधानी रांची समेत राज्य भर में प्रकृति पर्व सरहुल मनाया जा रहा है। आज राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें युवक-युवतियां नाचते गाते हुए सिरम टोली स्थित समागम स्थल पहुंचे। सरहुल पूजा को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## पूर्व स्वास्थ्य सचिव समेत तीन की याचिका पर सुनवाई अब 11 अप्रैल को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार सहित तीन आरोपितों की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय देने का आग्रह किया गया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 11 अप्रैल निर्धारित की है। दवा घोटाला मामले में आरोपित डॉ प्रदीप कुमार, उनके भाई राजेंद्र कुमार एवं व्यवसाई धर्मेंद्र कुमार धीरज की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने वर्ष 2019 में खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता है। दवा एवं अन्य सामान की खरीद के लिए उन्होंने केवल स्वीकृति प्रदान की थी। पैसे का कोई लेन-देन का मामला नहीं बनता है। मामले को लेकर सीबीआई ने डॉ प्रदीप कुमार एवं अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके आधार पर ईडी ने भी इनके खिलाफ ईसीआईआर 2-2018 दर्ज किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं प्रमोद कुमार उर्फ विनोद कुमार सहित तीन के मामले की ट्रायल निचली अदालत में अलग-अलग करने को लेकर सीबीआई की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई।

## 2504 पुलिसकर्मियों का 5 अप्रैल से शुरू होगा प्रशिक्षण

**रांची।** झारखंड के 2504 पुलिस कर्मियों का 5 अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू होने वाला है। आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि एएसआई से एसआई पद पर प्रोन्नत और प्रोन्नति के पूर्व आठ सप्ताह का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में पुलिसकर्मियों का 5 अप्रैल से प्रशिक्षण कराने का आदेश दिया जाता है। झारखंड पुलिस के 2504 कर्मियों का प्रशिक्षण होगा। इसमें रांची से 416, धनबाद से 265, जमशेदपुर से 336, बोकारो से 123, गिरिडीह से 85, पलामू से 121, हजारीबाग से 138, गढ़वा से 61, गुमला से 74, चाईबासा से 136, दुमका से 66, चतरा से 53, गोड्डा से 75, लातेहार से 81, सरायकेला से 95, लोहरदगा से 50, देवघर से 108, कोडरमा से 34, साहिबगंज से 67, जामताड़ा से 130, रामगढ़ से 46, सिमडेगा से 63, खूंटी से 35 और पाकुड़ से 42 पुलिसकर्मी प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

### पूजा के बाद पाहन की भविष्यवाणी

# राज्य में इस वर्ष होगी सामान्य बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरहुल पर आदिवासी धर्मगुरु जगलाल पाहन ने शुक्रवार को परंपरा के अनुसार सुबह में पूजा-अर्चना की और मिट्टी के घड़े में रखे पानी का सुबह में मुआयना करने के बाद इस वर्ष मानसून की सामान्य बारिश की भविष्यवाणी की। पाहन ने बताया कि सरहुल पर्व में तीन दिन का आयोजन होता है, जिसमें पहले दिन जनजातीय समाज के लोग उपवास रखते हैं। सुबह खेत एवं जलाशयों में जाकर केकड़ा एवं मछली पकड़ते हैं। पूजा के बाद रसोई में उसे सुरक्षित रख देते हैं। ऐसी मान्यता है कि फसल बोने के समय केकड़ा को गोबर पानी से धोया जाता है। इसके बाद उसी गोबर पानी से फसलों के बीज को भीगा कर खेतों में डाला जाता है। जगलाल पहान ने बताया कि पूर्वजों की ऐसी मान्यता है कि केकड़ा के 8-10 पैरों की तरह फसल में भी ढेर सारी जड़े





निकलेंगी और बालियां भी खूब होंगी। अच्छी फसल होगी। उन्होंने बताया कि पहले धरती पर पानी ही पानी था। केकड़े ने मिट्टी बनाई और धरती वर्तमान स्वरूप में आया। उन्होंने कहा कि कितना भी अकाल पड़ जाएं, जहां केकड़ा होगा वहां संकेत है कि पानी जरूर होगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**राहुल गांधी को झटका...**

सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? राहुल के इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ धारा 499, 500 के तहत आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया था। अपनी शिकायत में बीजेपी विधायक ने आरोप लगाया था कि राहुल ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को कथित रूप से यह कहकर बदनाम किया कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है?

**विपक्ष के समर्थन पर राहुल बोलेः मैं हर कीमत चुकाने को तैयार :** लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर एक ओर जहां राहुल गांधी ने कहा वो हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। वहीं, सभी विपक्षी दल उनके समर्थन में उतर आए हैं। अब तक दूरी बनाई हुई टीएमसी प्रमुख ने भी उनका पक्ष लिया। लोकसभा से अपनी सदस्यता रद्द किए जाने के बाद राहुल गांधी ने अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट कर कहाः मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं।

**मानहानि का रास्ता अपना रही है भाजपा : येचुरी : नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी ने शुक्रवार को ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों को दोहराते हुए भाजपा के कदम की निंदा की। माकपा नेता सीताराम येचुरी ने एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि यह निंदनीय है कि भाजपा अब विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने और उन्हें अयोग्य ठहराने के लिए आपराधिक मानहानि का रास्ता अपना रही है, जैसा कि अब राहुल गांधी के साथ किया गया है। यह विपक्ष के खिलाफ ईडी/सीबीआई के घोर दुरूपयोग के शीर्ष पर आता है। इस तरह के सत्तावादी हमलों का विरोध करें और उन्हें हराएं।

**राहुल गांधी से डरी सरकार : कमलनाथ :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले के बाद कांग्रेस आक्रामक है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कांग्रेस के सम्मानित नेता राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र करने में सारी हदें पार कर दी हैं। जिस तरह से उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द की गई है, उससे स्पष्ट है कि मोदी सरकार राहुल गांधी से भयभीत है। सरकार उनके उठाए सवालों का जवाब देने के बजाय उन्हें लोकसभा से दूर करने का रास्ता तलाश रही थी।

**प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी से पूछा...**

कौन है? उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों के रिवाज निभाते हुए एक बेटा पिता की मृत्यु के बाद पगड़ी पहनता है, अपने परिवार की परंपरा कायम रखता है। भरी संसद में आपने पूरे परिवार और कश्मीरी पंडित समाज का अपमान करते हुए पूछा कि वह नेहरू नाम क्यों नहीं रखते, लेकिन आपको किसी जज ने दो साल की सजा नहीं दी। आपको संसद से डिस्क्वालिफाई नहीं किया।

**यह भाजपा के लिए अमृत काल और देश...**

के नेताओं के खिलाफ सत्ता के हर हथकंडे का इस्तेमाल कर रही है। हेमंत सोरेन ने कहा कि न्यू इंडिया में अमृत काल केवल भाजपा के नेताओं और सदस्यों पर लागू होता है, जबकि इस देश के पूरे विपक्ष और नागरिकों के लिए यह आपात काल है।

**राहुल गांधी की सदस्यता दद्द होने...**

और बिहार के पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को ऊपरी अदालत जाने का अधिकार है और यह कैसी हुकूमत है कि आनन फानन में यह निर्णय ले लिया गया। उन्होंने कहा कि ईर्ष्या, द्वेष में ऐसा किया जाना दुर्भाग्यजनक है और विद्वेष की राजनीति का प्रकटीकरण है।

**तीन बच्चे की मां निकली प्रेमी की हत्या...**

देवी का मायके जान्हो मनिका है। वहीं ससुराल दुन्दु मनिका है। शादी से पूर्व चंपा देवी का प्रेम संबंध सुनील यादव के साथ था और शादी के उपरांत अपने चचेरे ससुर अशोक राम के साथ बन गया था। इस बात की भनक पूर्व प्रेमी सुनील को हो गई थी। जिसे लेकर 4 मार्च को सुनील के दबाव में आकर प्रेमिका चंपा देवी ने प्रेमी (मृतक)अशोक राम को फोन करके बुलाया। रात्रि में ही सुनील यादव अपने सहयोगी उदयपुरा तरहसी के कईला यादव के साथ मिलकर अशोक राम को आपने कब्जे में लेकर सतबरवा थाना क्षेत्र के प्रेमी महुआ के पास मारपीट करते हुए मफलर से गला घोट कर हत्या कर दी। इस बात को ध्यान में रखते हुए कनपटी पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी और दुर्घटना का रूप देकर रांची मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल सहित फेंक दिया। जिसे 5 मार्च को पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। पलामू एसपी चंदन सिन्हा निदेर्शानुसार अनुसंधान करते हुए हत्या का खुलासा किया गया। हत्या के आरोपी सुनील यादव पिता गुना यादव जान्हो तथा षड्यंत्र में शामिल प्रेमिका चंपा देवी पिता संतु राम को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त इस्तेमाल होने वाले 3 मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया। वहीं सहयोगी उदयपुरा तरहसी निवासी कईला यादव को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबाव डाल रही है।

**बेतला नेशनल पार्क की होगी...**

ग्रामीण आबादी सटी हुई है, उस इलाके की घेराबंदी की जायेगी। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि ऐसा देखा गया है कि बेतला के हिरण भटक कर दूसरे इलाके में चले जाते हैं। इस भटकाव को रोकने के लिए घेराबंदी की जा रही है। अगले एक वर्ष में घेराबंदी का काम पूरा कर लिया जायेगा। करीब 30 से 40 किलोमीटर के इलाके की एक तरफ से घेराबंदी की जानी है। पीटीआर और उसके आस- पास के इलाके में आठ गांव हैं। बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी के लिए वैसे फेंसिंग का इस्तेमाल हो रहा है, जिसमें हिरण नहीं फंसे और उन्हें कोई नुकसान भी न हो। पीटीआर निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि चार अलग इलाकों में सॉफ्ट रिलीज सेंटर बनाया जा रहा है। चारों सॉफ्ट रिलीज सेंटर पर बेतला के ही हिरण भेजे जाने हैं। उन्होंने बताया कि यही कारण है कि हिरण को और सुरक्षित रखने के लिए पहल की जा रही है। पीटीआर के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में ही अधिकतर हिरण मौजूद हैं और बाघ के लिए यह प्रेबेस है। बेतला नेशनल पार्क के इलाके में करीब 10 हजार हिरण मौजूद हैं। लॉकडाउन के समय में हिरणों की संख्या बढ़ी है। यह सॉफ्ट रिलीज सेंटर बूढ़ापहाड़, बारेसाढ़, सैदुप के इलाके में बनाया जाना है। दूसरी तरफ हर साल एक दर्जन से अधिक हिरण की होती है मौत। इसे रोकना पीटीआर के सामने बड़ी चुनौती है।

**राहुल की सांसदी जाते ही ईसी...**

राहुल गांधी को राहत की अपील दाखिल करने के लिए एक महीने की मोहलत दी है। राहुल की संसद सदस्यता शुक्रवार को लोकसभा सचिवालय ने रद्द की है। यह फैसला कोर्ट के निर्णय के बाद लोकसभा सचिवालय की ओर से जनप्रतिनिधि कानून की धारा-8 के तहत लिया गया है। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई है। हालांकि, राहुल को अपनी सदस्यता को बचाए रखने के सारे रास्ते बंद नहीं हुए हैं। वह अपनी राहत के लिए हाईकोर्ट में चुनौती दे सकते हैं, जहां अगर सूरत सेशन कोर्ट के फैसले पर स्टे लग जाता है तो सदस्यता बच सकती है। हाईकोर्ट अगर स्टे नहीं देता है तो फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से अगर स्टे मिल जाता है तो भी उनकी सदस्यता बच सकती है, लेकिन अगर ऊपरी अदालत से उन्हें राहत नहीं मिलती तो राहुल गांधी 8 साल तक कोई चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

**मोदी सरनेम केस...**

कम से कम 2 साल की सजा होने पर जनप्रतिनिधि की सदस्यता तत्काल प्रभाव से खत्म हो जाएगी। इतना ही नहीं, सजा खत्म होने के डेट से अगले 6 साल तक वह चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य होगा। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद 1 अक्टूबर 2013 को सांसद राशिद मसूद की सदस्यता चली गई, जिन्हें एक आपराधिक मामले में 4 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। वह पहले ऐसे सांसद थे जिनकी सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के बाद संसद सदस्यता गई।

**लिली थॉमस के स और सुप्रीम कोर्ट...**

की बेंच ने जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 8 (4) को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यदि सांसदों और विधायकों को किसी भी आपराधिक मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होती है तो उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से खत्म हो जाएगी। सजा पूरी होने के बाद बाद अगले 6 वर्ष तक वह चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे। यही नहीं, जेल में रहते हुए किसी सजायाफ्ता नेता को वोट देने का अधिकार नहीं होगा। वे चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। लिली थॉमस केस में आए सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को उसी साल डॉक्टर मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली यूपीए सरकार ने अध्यादेश से पलटने की कोशिश की थी। यूपीए सरकार ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को बहाल करने के लिए अध्यादेश लाने की कोशिश की थी। उस अध्यादेश को बकवास बताते हुए तब सांसद व कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने उसकी प्रति को फाड़कर फेंक दिया था। आज सर्वोच्च न्यायालय के उसी फैसले से राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो गई। 2019 में राहुल गांधी का, सभी मोदी सरनेम वाले चोर वाला भाषण, जिस पर सूरत कोर्ट ने उन्हें दो वर्ष की सजा सुनाई है।

**प्रभावित ग्रामीण कर रहे हैं...**

कि जमीन अधिग्रहण और मुआवजा को लेकर अनियमितता बरती जा रही है। प्रशासन एक समान मुआवजा और नीति तय करें। अगर ऐसा नहीं होता है तो ग्रामीणों के साथ मिलकर वे आंदोलन की रणनीति तय करेंगे।

**रैयतों ने परिवहन मंत्री को...**

मुआवजा देने के लिए विचार करने हेतु मांग पत्र सौंपा गया। सैकड़ों की तादाद में पहुंचे अधिग्रहित भूमि संघर्ष समिति के किसानों के द्वारा हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र केन्द्रीय मंत्री को दिया गया। जब रैयतों के परेशानी को विवेका त्रिपाठी के द्वारा समझाया गया तो परिवहन मंत्री ने इस पर विचार करने हेतु आश्वासन दिया। आशा की गई कि भारत सरकार परिवहन मंत्रालय विचार करते हुए किसानों को उनका हक दिलायेगा। मांग पत्र सौंपने वालों में भोगु से शंखा एनएच 39 अधिग्रहित भूमि रैयत संघर्ष समिति के अध्यक्ष रविंद्र तिवारी उर्फ गांधीजी, विवेका त्रिपाठी, अनूप तिवारी, उमेश चंद्र झा, निर्मल तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, रमेश तिवारी, शिव बरई, चक्रवर्ती तिवारी,जवाहिर राम, सुशील सिंह, अखिलेश सिंह, अरुण जायसवाल, अजय तिवारी, किशोर तिवारी, उमा तिवारी सहित काफी संख्या में रैयत और किसान उपस्थित रहे।

# एशियन हॉकी फेडरेशन के उपाध्यक्ष चुने गए भोलानाथ

**बिगन सोय बनीं एडवाइजरी समिति की सदस्य**

**सलीमा टेटे को इमेजिंग प्लेयर ऑफ द इयर एशिया महादेश का अवार्ड**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दक्षिण कोरिया गणराज्य के मुंगयोंग शहर में एशियन हॉकी महासंघ के चुनाव में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। साथ ही उन्हें एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ खेल प्रशासक एशिया महादेश अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। भोलानाथ को यह अवार्ड (एफआईएच) विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैय्यब इकराम एवं (एएचएफ) एशियन हॉकी महासंघ के अध्यक्ष फुमिओ ओगुरा ने दिया। झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर होगा कि राज्य के किसी खेल संघ के अध्यक्ष या सदस्य को विश्व के किसी महादेश के खेल संघ के उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा झारखंड की बिगन सोय एशियन हॉकी फेडरेशन के एडवाइजरी समिति की सदस्य बनायी गयी हैं। एएचएफ कांग्रेस में झारखंड के सिमडेगा की बेटी अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को इमेजिंग प्लेयर ऑफ द इयर एशिया महादेश का अवार्ड (एशिया महादेश का उभरता हुआ सितारा) से सम्मानित किया गया। उन्हें पुरस्कार के तौर पर 1000 डॉलर की राशि प्रदान की गयी।

एएचएफ एशियन हॉकी महासंघ के कांग्रेस में शामिल हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरण, हॉकी इंडिया के एक्जक्यूटिव डायरेक्टर आरके श्रीवास्तव और हॉकी इंडिया के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यह हमलोगों के लिए बहुत बड़ा सम्मान है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि झारखंड के खेल इतिहास में यह बहुत बड़ी उपलब्धि है।

पलामू जिला अंतर्गत पिपरा अखारा के रहने वाले भोलानाथ सिंह सितम्बर 2014 में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष पद में निर्वाचित हुए। अपनी कार्य कुशलता से लगातार आगे बढ़ते हुए वे हॉकी इंडिया के सह सचिव एवं उपाध्यक्ष के बाद, अभी कुछ दिनों पहले ही महासचिव बनाये गये। वे अब एशियन हॉकी फेडरेशन के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

## आईपीएल 2023: धोनी ने अभ्यास सत्र में की गेंदबाजी

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 को 31 मार्च से शुरू होना है, पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी टीम चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़ गए। धोनी ने टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान गेंदबाजी में हाथ आजमाकर अपने प्रशंसकों को हैरत में डाल दिया। प्रशंसक विकेटकीपर-बल्लेबाज को गेंदबाजी करता देख हैरान थे और सोच रहे थे कि सीएसके के कप्तान ने आगामी आईपीएल सत्र में उनके लिए क्या रखा हुआ है। सीएसके ने धोनी का सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए लिखाः द मल्टीवर्स ऑफ माही। वीडियो में धोनी को नेट्स में बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हुए कुछ मजा लेते दिखाया गया है। धोनी उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 100 से ज्यादा आईपीएल मैच खेले हैं। आईपीएल के अपने करियर में अब तक 234 मैच खेलने के बावजूद धोनी ने किसी आईपीएल मैच में एक भी ओवर नहीं डाला है। 2023 सत्र धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने डोपिंग को लेकर रूस से निलंबन हटाया

**मोनाको।** विश्व एथलेटिक्स परिषद ने डोपिंग उल्लंघन को लेकर सात वर्षों से रूस पर लगा निलंबन हटा दिया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और बेलारूस पर लगा प्रतिबंध जारी रहेगा। इस कारण रूस और बेलारूस से एथलीटों, अधिकारियों और स्पोर्टिंग स्टाफ रूस के यूक्रेन पर हमले के कारण प्रतियोगिताओं से अब भी बाहर रहेंगे। यह फैसला विश्व एथलेटिक्स परिषद की गुरुवार को मोनाको में हुई बैठक में लिया गया। परिषद ने रूस के कार्यबल की सिफारिशों को मंजूरी दे दी कि सात वर्षों से निलंबन झेल रहे रूसी फेडरेशन को बहाल योजना की सारी जरूरतें पूरी करने के बाद बहाल किया जाए।

### आज से ऑल इंडिया रेलवे हैंडबाल चैम्पियनशिप

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, जयपुर द्वारा 15वीं ऑल इंडिया रेलवे हैंडबाल (महिला एवं पुरुष) चैम्पियनशिप 2023 का 25 से 28 मार्च तक के.पी. सिंह स्टेडियम, गणपति नगर, जयपुर में आयोजन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस चैम्पियनशिप में उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, रेलवे बोर्ड, डीजल लोकोमोटिव वर्क्स की हैंडबाल टीमें भाग ले रही हैं।

### आईपीएल से पहले फेंटेसी स्पोर्ट्स ऐप क्रिकपे लॉन्च

**नई दिल्ली।** 31 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले, अश्नीर ग्रोवर के नए वेंचर थर्ड यूनिकॉर्न ने क्रिकपे नाम से एक फेंटेसी स्पोर्ट्स ऐप लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य ड्रीम11 और मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) को चुनौती देना है। ग्रोवर ने एक ट्वीट में कहाः आईपीएल के बाद से क्रिकेट में सबसे बड़ी क्रांति - क्रिकेटरों को भुगतान करने वाला केवल काल्पनिक खेल। जहां आप जीतते हैं, क्रिकेटर जीतता है, क्रिकेट जीतता है।

### एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप सम्पन्न

# भारत की पुरुष और महिला टीम चैम्पियन

**एजेंसी। तमुलपुर**

भारतीय पुरुष और महिला टीम ने हाल ही में तमुलपुर के बक्सा जिले के बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) में हुए 4वें एशियाई खो-खो चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। यह भारतीय टीमों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और खो-खो खेल में उनकी दृष्टिकोण, समर्पण और मेहनत को दर्शाता है।

फाइनल में भारतीय पुरुष टीम नेपाल को 6 अंकों और एक पारी से हराया जबकि भारतीय महिला टीम ने भी नेपाल को ही 33 अंकों और एक पारी से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने श्रीलंकाई टीम को 45 अंकों से हराया था, जबकि नेपाल ने बांग्लादेश को 12 अंकों से हराया। यह परिणाम दिखाते हैं कि भारतीय टीमें पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थीं और वे महत्वपूर्ण नॉकआउट मैचों में भी अपने विजयी क्रम को बनाए रखा।

महिला श्रेणी के सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 49 अंकों और एक पारी से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नेपाल ने श्रीलंका को 59 अंकों और एक पारी से हराकर आसान जीत दर्ज की। पुरुषों और महिलाओं के श्रेणियों में श्रीलंका और बांग्लादेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान साझा किया।

खिताबी जीत पर भारतीय पुरुष टीम के कप्तान अक्षय भांगरे ने कहा है कि वे इस चैम्पियनशिप को जीतकर बहुत उत्साहित और खुश हैं, जो इस खेल के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। इस जीत से टीम को बड़ा मानसिक सहारा मिलेगा और इससे उन्हें आने वाले टूर्नामेंटों में और अधिक उत्साह और जोश के साथ उत्तरदायित्व की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

अक्षय ने कहाः एक भारतीय के रूप में भारत में शुरू हुआ खेल जीतने का अनुभव अद्भुत होता है। उसी समय, खेल में भाग लेने वाले देशों को मैचों में इतना अच्छा करते देखना भी उत्साहजनक होता है। उन्होंने टूर्नामेंट में टीमों का समर्थन करने के लिए तमुलपुर के दर्शकों का धन्यवाद देते हुए कहाः यहां एक बहुत अच्छा माहौल था। दर्शकों का समर्थन हमेशा महत्वपूर्ण होता है। यह खिलाड़ियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।







### रंजना हुईं सम्मानित

**रंजना** सराणिया, जिन्होंने टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया था, समापन समारोह के दौरान सम्मानित की गईं। इस आयोजन में कुल 16 टीमें (पुरुष और महिला दोनों) शामिल थीं। भाग लेने वाले देशों में बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और मेजबान भारत थे। इस टूर्नामेंट का आयोजन खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) द्वारा किया गया था और इसका मेजबान असम खो खो एसोसिएशन (एकेए) था जिसे बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) की सरकार ने समर्थन दिया था।

# स्विस ओपन : टूर्नामेंट से बाहर हुईं भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु

**एजेंसी। बासेल**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन खिताब का बचाव करने में विफल रहीं और दूसरे दौर के मुकाबले में हारकर बाहर हो गईं। सिंधु को महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशिया की गैर-वरीयता प्राप्त पुत्रि कुसुमा वारदानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार हुए मुकाबले में 38वीं रैंकिंग की वारदानी से 15-21, 21-12, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष जोड़ी ने कड़े मुकाबले में 12-21 21-17 28-26 से ताइवान की फेंग-चीह ली और फेंग-जेन ली की जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दुनिया की छठे नंबर की भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला डेनमार्क की जेपी बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी से होगा।




इससे पहले गुरुवार को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवें वरीय एचएस प्रणय फ्रांस के गैरवरीय क्रिस्टो पोपोव से सीधे गेम में हारकर दूसरे दौर में बाहर हो गए। प्रणय दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी पोपोव के सामने फीके रहे और 8-21 8-21 से हारकर बाहर हो गए। वहीं, किदांबी श्रीकांत भी गुरुवार को हांगकांग के चेउक यिउ ली से हार गए। श्रीकांत को ली ने 22-20 21-17 से हराया। वहीं, राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ भी दूसरे दौर में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से 19-21 10-21 से हारकर बाहर हो गए।

### वार्नर को आईपीएल में खुद को साबित करना होगा : वाटसन

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वार्नर को आईपीएल 2023 में खुद को साबित करना होगा। वार्नर आईपीएल के इस सत्र में चोटिल ऋषभ पंत की जगह दिल्ली की कप्तानी संभालेंगे। उन्होंने आईपीएल में 2009 से अब तक के सफर में 5881 रन बनाये हैं।

### यूरो 2024 क्वालीफायर्स

# रोनाल्डो ने रचा इतिहास

**सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने**

**एजेंसी। लिस्बन**

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 क्वालीफायर में लिचटेंस्टीन के खिलाफ अपनी टीम की जीत में एक नया इतिहास रच दिया है। रोनाल्डो का यह 197वां मैच था और वह दुनिया के सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने दो गोल दागते हुए पुर्तगाल को लिचटेंस्टीन के खिलाफ 4-0 से जीत दिलाई। वेटरन रोनाल्डो का पहला गोल पेनल्टी पर था और दूसरा जबरदस्त फ्री किक पर मारा गया।



अपने 197 मैच के साथ रोनाल्डो कुवैत के लीजेंड बदर अल-मुतावा(196 कैप्स) से आगे निकल गए हैं। मलेशिया के सोह चीन एन 195 मैचों के साथ तीसरे नंबर पर हैं। मिस्त्र के अहमद हसन (184) चौथे और ओमान के अहमद मुबारक (183) पांचवें नंबर पर हैं। पांच बार के बैलन डी ओर विजेता 38 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। केवल पेपे, दमास, सिल्विनो और फोंटे उनसे ज्यादा उम्र में पुर्तगाल के लिए खेले हैं।

# इंग्लैंड के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर बने हैरी केन

**एजेंसी। नेपल्स**

स्टार फुटबॉलर हैरी केन पुरुष फुटबॉल में इंग्लैंड के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को यूरो 2024 क्वालीफायर में इटली के खिलाफ एक गोल कर वेन रूनी को पीछे छोड़ दिया है। हैरी केन के रिकॉर्ड तोड़ गोल की बदौलत यूरो 2024 क्वालीफायर दौर में 10 खिलाड़ियों की इंग्लिश टीम ने इटली को 2-1 से हरा दिया। अपने 81वीं अंतर्राष्ट्रीय मैच में गोल कर केन ने पूर्व कप्तान वेन रूनी के 53 गोल को पीछे छोड़ दिया।

केन के नाम अब 54 गोल हैं। फरवरी में टोटेनहैम के शीर्ष स्कोरर बनने के बाद केन ने क्लब स्तर पर जिमी ग्रीव्स के 266 गोलों के पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। 29 वर्षीय केन ने मार्च 2015 में लिथुआनिया के खिलाफ अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया।

# अर्जेंटीना ने पनामा को हराया

**मैसी का 800वां करियर गोल**

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

लियोनल मैसी ने अपना 800वां करियर गोल दागा और विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना ने पनामा को 2-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना का दिसम्बर में विश्व कप जीतने के बाद से यह पहला मैच था। शिन्हुआ ने खबर दी है कि मैच में दबदबा बनाने के बावजूद अर्जेंटीना को बढ़त के लिए 78वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा।




थियागो अल्माडा ने मैसी के 30 गज की दूरी से प्रयास को गोल के बाएं हिस्से में भेज दिया। अर्जेंटीना के कप्तान ने मैच समाप्ति से एक मिनट पहले फ्री किक पर लहराता शॉट लगाया और गेंद दाएं कार्नर में घुस गयी। अर्जेंटीना को 2-0 की बढ़त मिल गयी। यह मैच ब्यूनस आयर्स में मॉन्युमेंटल स्टेडियम में पार्टी माहौल में खेला गया जहां 80 हजार से ज्यादा प्रशंसक अपने विश्व कप हीरो का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद थे। मैसी ने मैच के बाद कहाः मैंने हमेशा इस पल का सपना देखा था कि विश्व कप जीतने का जश्न अपने देश अर्जेंटीना में आप लोगों के साथ मनाऊं।

## हंड्रेड ड्राफ्ट — टिम डेविड, टॉम एबेल शीर्ष खिलाड़ी

# डेविड को सदर्न ब्रेव ने रखा बरकरार

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के सफेद बॉल विशेषज्ञ टॉम एबेल और ऑस्ट्रेलिया के छोटे फॉर्मेट के एक्सपर्ट टिम डेविड इंग्लैंड की सीमित ओवर की घरेलू क्रिकेट लीग द हंड्रेड के 2023 संस्करण के लिए ड्राफ्ट में शीर्ष खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। गुरुवार रात को हुए ड्राफ्ट में 30 से ज्यादा पुरुष खिलाड़ियों को आठ टीमों ने चुना। वेल्श फायर ने एबेल को लिया जबकि डेविड सदर्न ब्रेव में राइट टू मैच कार्ड के जरिये लौटे। 2022 सत्र में कोई जीत हासिल न करने के बाद वेल्श फायर ने माइकल हसी के प्रभार संभालने के बाद अपनी टीम को मजबूती देते हुए पाकिस्तान की तेज गेंदबाज जोड़ी शाहीन शाह आफरीदी और हारिस राउफ तथा इंग्लैंड के आलराउंडर डेविड विली को चुना। ड्राफ्ट में घरेलू खिलाड़ी ज्यादा मांग में थे, क्योंकि शीर्ष विदेशी खिलाड़ी पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, वेस्टइंडीज के लीजेंड कीरोन पोलार्ड और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट बिना बिके रह गए। कुछ मामलों में पूरे सत्र के लिए उनकी अनुपलब्धता को लेकर चिंता थी। प्रत्येक टीम वाइटेलिटी ब्लास्ट के ग्रुप चरण की समाप्ति के बाद दो और खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड के रूप में अनुबंधित कर सकती है और साथ ही कोई वैकल्पिक खिलाड़ी जिसकी एक अगस्त से शुरू होने वाले द हंड्रेड से पहले जरूरत हो। अधिकतर टीमों ने अपनी टीम के कोर को बरकरार रखा जिसमें 10-11 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया। सबसे ज्यादा मांग वाले खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के स्टार मिचेल मार्श शामिल थे जो भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे सीरीज जीत में ओपनर के रूप में जबरदस्त फॉर्म में थे। मार्श को लंदन स्पिरिट ने ऊंची कीमत पर खरीदा। मार्श के साथ उनके हमवतन ग्लेन मैक्सवेल और नाथन एलिस लंदन स्थित क्लब से जुड़ेंगे। दोनों को ड्राफ्ट से पहले रिटेन किया गया। पर्थ स्कॉरचर्स के कप्तान एश्टन टर्नर को मैनचेस्टर ऑरिजिनल्स में ड्राफ्ट किया गया। वह उस क्लब में लौटे जिसका उन्होंने 2022 में प्रतिनिधित्व किया था।




### वेल्श फायर ने शाहीन अफरीदी और रऊफ को खरीदा

**पाकिस्तानी** तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और हारिस राऊफ को गुरुवार को द हंड्रेड 2023 के लिए हुए प्लेयर ड्राफ्ट में वेल्स फायर की टीम ने खरीदा। हालांकि, दोनों ही अभी तक टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार नहीं हुए हैं। ड्राफ्ट में 8 टीमों द्वारा पुरूष और महिला श्रेणियों में 64 खिलाड़ियों को चुना गया। वेल्स फायर ने इसके बाद इंग्लिश क्रिकेटर टॉम एबेल और सोफिया डंकले को की भी चुना। इन खिलाड़ियों के अलावा, महिला ड्राफ्ट में चुने गए अन्य खिलाड़ियों में ग्रेस हैरिस (लंदन स्पिरिट्स), लौरा वोल्वाड्‌र्ट (मैंचेस्टर ओरिजिनल्स), केट क्रॉस (नॉर्दन सुपरचार्जर्स), सुजी बेट्स (ओवल इनविंसिबल्स) और हरमनप्रीत कौर (ट्रेंट रॉकेट्स) शामिल थे। डैनी व्याट, सोफी डिवाइन और एलिस डेविडसन-रिचड्‌र्स को राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करके चुना गया।


सरहुल एवं रामनवमी पर्व पर समस्त प्रखंड एवं जिले वासियों को हार्दिक बधाई।



प्रताप टोप्पो
प्रखंड विकास पदाधिकारी
गारू, लातेहार।



सरहुल एवं रामनवमी पर्व पर समस्त प्रखंड एवं जिले वासियों को हार्दिक बधाई।





रामेश्वर सिंह
पूर्व मुखिया हेठपोचरा, लातेहार।

सरहुल एवं रामनवमी पर्व पर समस्त प्रखंड एवं जिले वासियों को हार्दिक बधाई।



महेश मुंडा
पंचायत सचिव
बारेसांड़, लातेहार।



सरहुल एवं रामनवमी पर्व पर समस्त जिले वासियों को हार्दिक बधाई।





इंद्रदेव उरांव
वार्ड सदस्य वार्ड नंबर 11